


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

मध्यप्रदेश ■ राजस्थान ■ हरियाणा ■ छत्तीसगढ़ ■ महाराष्ट्र से प्रकाशित





डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17 | 5 आईपीएल टिकट घोटाला- हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन... | सम्पादकीय | अपनी पहचान जाहिर करने में कैसी शर्म! | रिपोर्ट के अनुसार एनबीएफसी की शिक्षा ऋण... 5

वर्ष 12 अंक 133 E-mail: dholpur@hotmail.com जयपुर, शुक्रवार 11 जुलाई 2025 ई-पेपर के लिए लॉगऑन करें -www.hindustanexpress.online मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8

## सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयुक्त से कहा आधार वोटर आईडी, राशन कार्ड को भी पहचान पत्र मानें

### बिहार विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट के रिवीजन पर रोक लगाने से इनकार किया

आर.एन.एस

**पटना।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बिहार विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट के रिवीजन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा कि आधार, वोटर आईडी, राशन कार्ड को भी पहचान पत्र मानें। अब अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी। विशेष गहन पुनरीक्षण यानी वोटर लिस्ट रिवीजन पर अदालत में करीब 3 घंटे सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि वोटर लिस्ट रिवीजन नियमों को दरकिनार कर किया जा रहा है। वोटर की नागरिकता जांची जा रही है। ये कानून के खिलाफ है।



इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा कि बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी वोटर लिस्ट रिवीजन में नागरिकता के मुद्दे में क्यों पड़ रहे हैं? अगर आप वोटर लिस्ट में किसी शख्स का नाम सिर्फ देश की नागरिकता साबित होने के आधार पर शामिल करेंगे तो फिर ये बड़ी कसौटी होगी। यह गृह मंत्रालय का काम है। आप उसमें मत जाइए।

स्ढ्डक्र के खिलाफ राजद सांसद मनोज झा, ञ्जरूष्ट सांसद महुआ मोइत्रा समेत 11 लोगों ने याचिकाएं दाखिल की गई हैं।

सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच सुनवाई कर रही है। याचिकाकर्ता की ओर से वकील गोपाल शंकर नारायण, कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी दलील दे रहे हैं। चुनाव आयोग की पैरवी पूर्व अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल, राकेश द्विवेदी और मनिंदर सिंह कर रहे हैं। चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को भरोसा दिलाया कि किसी भी वोटर को वोटर लिस्ट से बाहर नहीं किया जाएगा। मामले में अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी।

बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन जारी रहेगा। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को चुनाव आयोग की वोटर लिस्ट रिवीजन की प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

## महिसागर पुल हादसा : नदी से 16 शव मिले, 4 लोग अब भी लापता

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** गुजरात में वडोदरा और आणंद को जोड़ने वाला पुल टूटने के बाद महिसागर नदी से 16 शव निकाले जा चुके हैं। एनडीआरएफ को गुरुवार सुबह 2 और दोपहर को एक शव मिला, जबकि 13 बॉडी बुधवार को ही बरामद हो चुकी थीं।

हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई है। अभी भी 4 लोग लापता बताए जा रहे हैं। इनकी तलाश जारी है।

महिसागर नदी पर बना ब्रिज बुधवार सुबह टूट गया था। चलते ट्रैफिक के बीच पुल टूट जाने से दो ट्रक, दो कार और एक रिक्शा नदी में गिर गया था। एक टैंकर टूटे सिरे पर फंस गया था।

45 साल पुराना यह ब्रिज दक्षिण गुजरात को सौराष्ट्र से जोड़ता था।



इसके टूटने से भरूच, सूरत, नवसारी, तापी और वलसाड से सौराष्ट्र पहुंचना मुश्किल हो गया है। अब इसके लिए अहमदाबाद होकर जाना होगा।

गंभीरा पुल का निर्माण 1981-82 में उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम ने किया था। जानकारी के मुताबिक 2015 में भी गंभीरा पुल जर्जर पाया गया था। उस समय सरकार ने इसका निरीक्षण करवाया था और बेयरिंग बदलनी पड़ी थी। यह स्थिति इसलिए बनी थी, क्योंकि पुल के निर्माण में अच्छी सामग्री का इस्तेमाल नहीं किया गया था।

## थरूर ने इमरजेंसी को काला अध्याय बताया, कहा- इससे सबक लेना जरूरी

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एक आर्टिकिल में लिखा कि इमरजेंसी को सिर्फ भारतीय इतिहास के काले अध्याय के रूप में याद नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि इससे सबक लेना जरूरी है। उन्होंने नसबंदी अभियान को मनमाना और क्रूर फैसला बताया।

थरूर ने मलयालम भाषा के अखबार में प्रकाशित आर्टिकल लिखा है। यह गुरुवार को प्रकाशित हुआ है। उन्होंने लिखा कि अनुशासन और व्यवस्था के लिए उठाए गए कदम कई बार ऐसी क्रूरता में बदल जाते हैं, जिन्हें किसी तरह उचित नहीं कहा जा सकता। 50 साल पहले 25 जून, 1975 को तब की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में इमरजेंसी लगाई थी। यह 21 मार्च, 1977 तक लागू रही थी। इस दौरान केंद्र सरकार ने कई



सख्त फैसले लिए थे।

थरूर बोले- नसबंदी अभियान मनमाना फैसला था थरूर ने लिखा, %इंदिरा गांधी के बेटे संजय गांधी का जबरन नसबंदी अभियान चलाने का फैसला क्रूरता का उदाहरण बन गया। गरीब ग्रामीण इलाकों में टारगेट पूरा करने के लिए हिंसा और दबाव का सहारा लिया गया। नई दिल्ली जैसे शहरों में बेरहमी से झुग्गियां तोड़ी गईं। हजारों लोग बेघर हो गए। उनकी ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया।

कहा- लोकतंत्र को हल्के में नहीं लेना चाहिए शशि थरूर ने अपने आर्टिकल में लिखा- लोकतंत्र को हल्के में नहीं लेना चाहिए।


## दिल्ली - एनसीआर में भूकंप, 10 सेकेंड तक झटके महसूस हुए

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** दिल्ली में गुरुवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र हरियाणा के झज्जर में था। यहां रिक्टर स्केल पर तीव्रता 4.4 थी। इसकी वजह से दिल्ली और हृष्टक्र में भूकंप के झटके महसूस किए गए। किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है।

हरियाणा के जींद और बहादुरगढ़ के अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के इलाकों में भी 10 सेकेंड तक झटके आए। बीते छह महीने में दिल्ली और एनसीआर में तीसरी बार भूकंप आया है। इससे पहले 19 अप्रैल और 17 फरवरी को भी भूकंप आया था।

19 अप्रैल- 5.8 तीव्रता का भूकंप, केंद्र अफगानिस्तान था अफगानिस्तान में 19 अप्रैल की दोपहर 12-17 बजे रिक्टर स्केल पर 5.8 तीव्रता का भूकंप आया था।



इसका असर जम्मू-कश्मीर और दिल्ली-एनसीआर तक महसूस किया गया था। जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ था।

नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप का असर जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में भी महसूस किया गया। श्रीनगर में एक व्यक्ति ने बताया- मैं दफ्तर में था, तभी मेरी कुर्सी हिली। कुछ इलाकों से लोगों को घरों और ऑफिस से बाहर भागते देखा गया।

## शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष में मूंग-मेथी उगाए कहा- भारतीय वैज्ञानिकों के लिए नए रास्ते खुलेंगे

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** लखनऊ के एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में किसानी करते नजर आए। शुभांशु ने पेट्री डिश में मेथी और मूंग के बीज उगाए। इसके साथ सेल्फी भी ली। इसके बाद मूंग और मेथी को स्टोरेज फ्रीजर में सुरक्षित रख दिया गया। इन बीजों को शुभांशु अपने साथ ले गए थे।माइक्रो ग्रैविटी पौधों के शुरुआती विकास को किस तरह प्रभावित करती है। इसे जांचने के लिए एक्सपेरिमेंट किया है। एक्सिओम स्पेस के एक बयान में कहा गया- पृथ्वी पर लौटने के बाद इन बीजों को कई पीढ़ियों तक उगाया जाएगा, ताकि उनके जेनेटिक्स, डीएनए और पोषण संबंधी प्रोफाइल में होने वाले बदलावों की जांच की जा सके।

भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु 26 जून को इंटरनेशनल स्पेस



स्टेशन पहुंचे हैं। वे 41 साल बाद स्पेस में जाने वाले भारतीय हैं। वे एक्सियम मिशन- 4 के तहत 25 जून को दोपहर करीब 12 बजे सभी एस्ट्रोनॉट के साथ ढ्डस्स् के लिए रवाना हुए थे। आज यानी 10 जुलाई को धरती पर वापस आना था। हालांकि अभी डेट टल गई है। वे फ्लोरिडा तट पर उतरेंगे।

**शुभांशु बोले- इस मिशन से माइक्रो ग्रैविटी के लिए रास्ते खुलेंगे**

एक्सिओम स्पेस की मुख्य वैज्ञानिक डॉ. लूसी लोव ने बुधवार को मिशन पर गए क्रू से बात की। इस दौरान शुभांशु ने अपने वैज्ञानिक प्रयोगों के बारे में बताया। इनमें स्टेम सेल का अध्ययन, माइक्रो ग्रैविटी में बीजों का विकास, अंतरिक्ष में मस्तिष्क पर पड़ने वाला असर आदि शामिल है।

उन्होंने कहा- मैं स्टेम सेल के अध्ययन वाले प्रयोग को लेकर बेहद उत्साहित हैं। इससे पता चलेगा कि क्या सप्लीमेंट्स लेने से चोट की रिकवरी तेज होती है या नहीं।

## अफगानिस्तान में 6 साल की बच्ची की शादी, दूल्हे की उम्र 45 साल

### तालिबान बोला- 9 साल की होने पर पति के घर भेज देंगे

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के हेलमंद प्रांत में 6 साल की एक बच्ची की शादी 45 साल के एक व्यक्ति से कर दी गई।

अमेरिका स्थित अफगान आउटलेट की रिपोर्ट के मुताबिक शादी की तस्वीरें सामने आने के बाद खुद तालिबान अधिकारी हैरान रह गए और बच्ची को उसके ससुराल ले जाने से रोक दिया। हालांकि, तालिबान अफसरों ने यह भी कहा कि जब वह 9 साल की हो जाएगी, तब उसे पति के घर भेजा जा सकता है। दूल्हे ने बच्ची के परिवार को पैसे देकर यह रिश्ता तय करवाया। शादी हेलमंद के मर्जा जिले में हुई।इसके बाद पुलिस ने बच्ची के पिता और दूल्हे को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन अब तक किसी पर आपराधिक मामला दर्ज नहीं किया गया है।2021 में तालिबान के दोबारा सत्ता में आने के बाद, देश में न सिर्फ बाल विवाह की घटनाएं बढ़ी हैं, बल्कि उन्हें लेकर सामाजिक सहमति भी बनती जा रही है। लड़कियों की शिक्षा और काम पर पाबंदी के चलते कई परिवार बेटियों को बोझ मानकर उनकी जल्दी शादी कर दे रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, तालिबान के महिला-विरोधी कानूनों के चलते देश में बाल विवाह में 25 प्रतिशत और किशोरियों के गर्भधारण में 45 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## कर्नाटक में मुख्यमंत्री की कोई वैकेंसी नहीं - सिद्धारमैया

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने एक बार फिर राज्य में सीएम बदले जाने की चर्चाओं को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि स्टेट में इस पोस्ट के लिए कोई वैकेंसी नहीं है, क्योंकि वे अभी भी कुर्सी पर बैठे हैं। सिद्धारमैया ने दावा किया है कि वे मुख्यमंत्री के रूप में 5 साल का कार्यकाल पूरा करेंगे।

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और कर्नाटक के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भी सिद्धारमैया को पद से हटाए जाने की अटकलों को खारिज कर दिया है।

पिछले कुछ समय से कर्नाटक में विधायकों के एक दल ने डीके शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाने कहा था। जिसके बाद साल के आखिर तक शिवकुमार के कार्यभार संभालने की चर्चाएं जोर पकड़ने लगीं।

सिद्धारमैया आज दिल्ली में हैं,



जहां वे कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और सोनिया-राहुल समेत बाकी सीनियर कांग्रेस नेताओं से मिलेंगे।

### विधानसभा चुनाव के बाद सीएम पद के दावेदार थे शिवकुमार

मई 2023 में विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद मुख्यमंत्री पद के लिए सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा थी, और कांग्रेस ने बाद में उन्हें मनाने में कामयाबी हासिल की और उन्हें उपमुख्यमंत्री बनाया।

उस समय कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि रोटेशनल चीफ मिनिस्टर फॉर्मूले के आधार पर समझौता हो गया था, जिसके मुताबिक शिवकुमार ढाई साल बाद सीएम बनेंगे, लेकिन पार्टी ने आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की थी।

## गुजरात पुल ढहना व विमान दुर्घटना व्यापक भ्रष्टाचार और अक्षमता का परिणाम - खड़गे

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को भाजपा नेतृत्व और केंद्र सरकार पर शासन के नाम पर उदासीनता की सभी सीमाएं पार करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि गुजरात पुल ढहने और अहमदाबाद विमान दुर्घटना जैसी हालिया त्रासदियां नेतृत्व संकट, व्यापक भ्रष्टाचार और अक्षमता का परिणाम हैं।

उनकी यह टिप्पणी बुधवार को गुजरात के वडोदरा ज़िले में गंभीरा पुल का एक बड़ा हिस्सा ढह जाने के बाद आई है। यह घटना पिछले महीने अहमदाबाद में हुए घातक विमान हादसे के ठीक बाद हुई है, जिसमें 240 से ज़्यादा लोगों की जान चली गई थी।

खड़गे ने एक्स को लिखा, देश में दुर्घटनाएं आम बात हो गई हैं। कभी रेल हादसा, तो कभी उद्घाटन के तुरंत बाद पुल में दरारें। देश अभी विमान हादसे से उबर भी नहीं पाया था कि



गुजरात में एक पुल के ढहने की खबर आ गई। 12 बेगुनाहों की जान चली गई।

उन्होंने पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना भी व्यक्त की तथा एक रिपोर्ट का हवाला दिया जिसमें तीन वर्ष पहले चेतावनी दी गई थी कि पुल कंपन के कारण खतरनाक स्थिति में है।

खड़गे ने आरोप लगाया, रिपोर्टों के अनुसार, तीन साल पहले कहा गया था कि कंपन के कारण पुल की स्थिति खतरनाक है। फिर भी, कुछ नहीं किया गया। 2021 के बाद से, गुजरात में पुल गिरने की यह 7वीं घटना है।

खड़गे ने कहा, शासन के नाम पर सिर्फ़ भाषणों और विज्ञापनों में व्यस्त भाजपा नेतृत्व और सरकार ने उदासीनता की सारी हदें पार कर दी हैं। यह नेतृत्व संकट, व्याप्त भ्रष्टाचार, सरकार चलाने की क्षमता की कमी और अक्षमता का नतीजा है। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि देश की जनता इसे देख रही है और समय आने पर उचित प्रतिक्रिया देगी।

## कर्नाटक- हासन में 40 दिन में हार्टअटैक से 23 मौतें, लोगों में दहशत

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के हासन में हार्ट अटैक से मौत के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। पिछले 40 दिनों में यहां हार्ट अटैक से 23 मौतें हो चुकी हैं। इनमें से छह की उम्र 19 से 25 साल के बीच थी। वहीं, आठ की उम्र 25 से 45 साल के बीच थी।

उधर बेंगलुरु के जयदेव अस्पताल में हार्ट अटैक के मरीजों की संख्या में 8त्न का इजाफा हुआ है। डॉक्टरों ने बताया कि बढ़ते मामलों के बीच हासन और आसपास के जिलों से कई लोग एहतियाती जांच के लिए आ रहे हैं। मैसुरु के भी जयदेव अस्पताल में हार्ट से जुड़ी जांच के लिए रोजाना हजारों लोग पहुंच रहे हैं।

डॉक्टर बोले- घबराएं नहीं, खानपान में बदलाव करें जयदेव अस्पताल, मैसूर के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. केएस सदानंद ने लोगों से घबराने की अपील नहीं की। उन्होंने कहा, मीडिया में खबरें देखने के बाद, लोग घबराहट में अस्पताल की ओर भाग रहे हैं। जयदेव अस्पताल में एक बार जांच कराने से समस्या का समाधान नहीं होगा।

लोगों को अपने आस-पास उपलब्ध किसी भी अस्पताल में हृदय की जांच करवानी चाहिए। सिर्फ हार्ट की जांच से भविष्य में होने वाली समस्याओं से बचा नहीं जा सकता। जीवनशैली में बदलाव जरूरी है। अच्छी सेहत बनाए रखने के लिए नियमित एक्सरसाइज भी जरूरी है।

## शेख हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध का मामला चलेगा, प्रदर्शन कर रहे 1400 लोगों की हत्या का आरोप

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर गुरुवार को बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल ने मानवता के खिलाफ अपराध के मामले में आरोप तय किए।

हसीना के अलावा देश के पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल और पूर्व आईजीपी चौधरी अब्दुल्लाह अल मामून को सह-आरोपी बनाया गया है। मुकदमे की सुनवाई 3 अगस्त से शुरू होगी।रिपोर्ट के अनुसार, मामून ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है, और मामले में सरकारी गवाह बनने के लिए याचिका दायर की है। मामून फिलहाल जेल में हैं, ये मुकदमा बाकी दो आरोपियों की गैर मौजूदगी में चलेगा।



आईटीसी में हसीना के खिलाफ अब तक 5 मामले दर्ज किए हैं। इसमें 1400 लोगों की हत्या, भीड़ को उकसाना और सरकारी ताकतों का गलत इस्तेमाल शामिल हैं। अगस्त, 2024 में तख्तापलट के बाद से हसीना भारत में रह रहीं हैं।

क्रिमिनल ट्रिब्यूनल ने 6 जनवरी, 2025 को 11 और लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

## दिल्ली- एनसीआर में बाढ़ के हालात, गाड़ियां तैरीं

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** दिल्ली - एनसीआर में बीते 12 घंटे से तेज बारिश जारी है। बुधवार शाम हुई बारिश के बाद दिल्ली और गुरुग्राम की सड़कों पर बाढ़ जैसे हालात हैं। गाड़ियां पानी में तैरती नजर आईं। कई इलाकों में लोग तक पानी में डूब गए। घरों में पानी भर गया है।

वहीं उत्तराखंड में बारिश के चलते कई जगहों में लैंडस्लाइड हुई है। रुद्रप्रयाग में बद्रीनाथ रोड पर पहाड़ टूट गया। आगे फोटोज में बारिश, बाढ़, लैंडस्लाइड और तबाही की देखिए...

दिल्ली-हृष्टक्र सड़कों पर नदी, गाड़ियां और लोग डूबे

दिल्ली और गुरुग्राम में आज बारिश का अलर्ट है। बुधवार शाम हुई तेज बारिश के बाद शहर की अधिकतर



सड़कों पर पानी भर गया। गुरुग्राम सेक्टर 6 में शीतला माता मंदिर के पास गाड़ियां पानी में तैरती नजर आईं। लोग तक पानी में डूब गए। दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे के नरसिंहपुर के नजदीक सर्विस लेन पर 2 फुट तक पानी जमा हो गया। दिल्ली और गुरुग्राम में आज भी बारिश का अलर्ट है।मध्य प्रदेश के मंडला, नरसिंहपुर, उमरिया, शिवपुरी, जबलपुर, रीवा, शहडोल-सागर में बाढ़ के हालात हैं। बीते 24 घंटे से प्रदेश के अधिकतर जिलों में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आज मध्य प्रदेश के 14 जिलों में बारिश का ऑरेंज और 22 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है।

# अंडरस्टैंडिंग एलर्जी एण्ड एनाफाइलेक्सिस विद हॉलिस्टिक एप्रोच' विषय पर कार्यशाला का आयोजन



**जयपुर।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के संहिता एवं मौलिक सिद्धांत विभाग द्वारा ÷विश्व एलर्जी दिवस÷ पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिये एलर्जी दिवस की थीम ऐनाफाइलेक्सिस होलिस्टिक एप्रोच पर ÷अंडरस्टैंडिंग एलर्जी एण्ड एनाफाइलेक्सिस विद हॉलिस्टिक एप्रोच÷ विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ मधु माथुर, विभागाध्यक्ष, निओनेटोलोजी एवं बालरोग विशेषज्ञ, एम.जी.एम.सी. जयपुर ने एलर्जी के विविध आयाम के निदान एवं चिकित्सा पर जानकारी दी। डॉ माथुर ने कहा कि इस वर्ष के एलर्जी दिवस की थीम ÷ऐनाफाइलेक्सिस ÷ है जो कि एलर्जी का शीघ्र एवं अतितीव्र परिणाम दिखाने वाला स्वरूप है जिसमें रुग्णों को त्वरित आत्ययिक चिकित्सा की आवश्यकता पड सकती है। हमें जागरूक रहना है और शरीर के अन्तर्गत सफाई के साथ ही साथ पर्यावरण की भी साफ सफाई अति आवश्यक है। एलर्जी सूक्ष्म कारको से ही होती है ओर समग्र चिकित्सा विधि द्वारा इसकी बेहतर चिकित्सा की जा सकती है।

संहिता एवं मौलिक सिद्धांत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ निशा गुप्ता ने एलर्जी के कारक तत्वों पर एवं उसके आयुर्वेद निदान पर जानकारी देते हुए संहिता एवं मौलिक सिद्धांत विभाग में पिछले दशक में एलर्जी (अनुर्जता) पर हुए दस से अधिक शोधकार्यों का विवरण दिया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रो आर के जोशी ने एलर्जी एवं विभिन्न रोगों में लक्षण पर समेकित अध्ययन पर उद्बोधन दिया। कार्यशाला में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के चिकित्सकों, शिक्षकों एवं यू.जी., पी.जी., पी.एच.डी विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# शिवनाथ सिंह की स्मृति में 11 जुलाई को मनाया जाएगा 'रनर्स डे 2025'

## जयपुर में ग्रुप रन और टॉक शो के ज़रिए देश के रनिंग कल्चर और ओलंपिक भावना को मिलेगा नया आयाम

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** भारत के रनिंग कल्चर और ओलंपिक भावना को बढ़ावा देने के लिए जयपुर रनर्स क्लब द्वारा इंस्टिट्यूट ऑफ़ इवेंट मैनेजमेंट (आईआईईएमआर) के सहयोग से 11 जुलाई को जयपुर में रनर्स डे 2025 का आयोजन किया जाएगा। यह दिन भारत के महान धावक शिवनाथ सिंह की स्मृति में समर्पित है, शिवनाथ सिंह भारत के महान मैराथन धावक हैं, जिन्होंने 1978 में 2 घंटे 12 मिनट का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। उनकी उपलब्धियों को सम्मान देने और युवाओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से ÷रनर्स डे÷ की शुरुआत 2020 में जयपुर मैराथन के संस्थापक मुकेश मिश्रा द्वारा की गई थी।

जयपुर में इस अवसर पर दो प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पहला, रनर्स डे 2025 के उपलक्ष्य में इंस्टिट्यूट ऑफ़ इवेंट मैनेजमेंट (आईआईईएमआर), वैशाली नगर परिसर में एक टॉक शो आयोजित किया जाएगा, जिसमें फिटनेस विशेषज्ञ, रनिंग समुदाय के प्रतिनिधि और प्रेरणादायक वक्ता भाग लेंगे। यह संवाद कार्यक्रम युवाओं को फिटनेस के प्रति सजग रहने और रनिंग कल्चर से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा। दूसरा, स्टेच्यू सर्कल से एक ग्रुप रन आयोजित की जाएगी, जिसमें शहर के धावकों, छात्रों और जागरूक नागरिकों की भागीदारी रहेगी। आयोजन के बारे में आईआईईएमआर के निदेशक मुकेश मिश्रा ने कहा, रनर्स डे सिर्फ दौड़ का आयोजन नहीं है, बल्कि यह भारत के सबसे प्रेरणादायक एथलीट की भावना को जीवित रखने और नई पीढ़ी में धैर्य, अनुशासन और समर्पण का संदेश देने का माध्यम है। हम चाहते हैं कि ज़्यादा से ज़्यादा लोग इस दौड़ में शामिल होकर न केवल अपनी सेहत के लिए, बल्कि एक उद्देश्य के लिए दौड़ें। यह आयोजन न केवल एक खिलाड़ी को श्रद्धांजलि है, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली, अनुशासन और सामूहिकता का उत्सव भी है। वर्ष 2020 से शुरू हुए इस आयोजन को कर्नाटक, असम सहित कई राज्यों ने औपचारिक मान्यता दी है और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने इस दिन को लेकर शुभकामनाएं भी प्रेषित की हैं। पूरे देश में इस अवसर पर सामूहिक दौड़, हेल्थ अवेयरनेस कैंप, और फिटनेस संबंधित गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं, जिनका उद्देश्य धावकों की भावना और जीवनशैली को जन-जन तक पहुँचाना है।

# बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में गुरु पूर्णिमा उत्सव हर्षोल्लास से मनाया



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** विद्याधर नगर स्थित बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर शिक्षकों के प्रति सम्मान, आभार और मार्गदर्शन के भाव को समर्पित एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुरु की महत्ता का बोध कराना और उनके जीवन में शिक्षकों की प्रेरणादायी भूमिका को सराहना था। समारोह के दौरान कॉलेज के निदेशक डॉ. संजय बियानी ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि जीवन में हमें अहंकार का त्याग कर ज्ञान के मार्ग पर अग्रसर होना चाहिए और कृतज्ञता की भावना को विकसित करना चाहिए। उन्होंने भक्ति, समर्पण और गुरुत्व अर्थों को सरलता से समझाते हुए कहा कि हिचकिचाहट को दूर करने के लिए हमें जोखिम उठाने का साहस करना चाहिए, क्योंकि यही आत्मविकास और सफलता की दिशा में पहला कदम होता है। कॉलेज के प्रिंसिपल व डीन डॉ. ध्यान सिंह गोठवाल ने सभी विद्यार्थियों को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं दीं और उन्हें निरंतर प्रगति की ओर बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। इस विशेष अवसर पर फाइनेंस ऑफिसर सीए साक्षी बियानी सहित समस्त शिक्षकों और विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों को सम्मानित किया।

# गुरु पूर्णिमा पर किया गुरू पूजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस






**चाकसू।** श्री रामधाम आश्रम तामडिया में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा व विश्वास के साथ गुरु पूजन कर मनाया गया। गुरु पूजन के लिए दूर-दराज के साधकों का एक दिन पहले से ही आगमन शुरू हो गया जो गुरुवार को दिनभर जारी रहा। श्री रामधाम आश्रम में सवेरे सात बजे से ही श्रद्धालुओं ने लम्बी कतारों में लगकर जगद्गुरु धन्नापीठाधीश्वर बजरंग देवाचार्य जी महाराज के चरण धोकर व पुष्प अर्पित कर गुरु मंत्र व आशीर्वाद लिया। गुरु पूजन का कार्य देर शाम तक चलता रहा। गुरु ने भी शिष्यों को सत्य व धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। श्री रामधाम आश्रम के विष्णु कुमार मामोडिया ने बताया कि इस अवसर पर बजरंग सत्संग मंडल चाकसू ने गुरु वंदना एवं भजनों की प्रस्तुतियां गायक कलाकार केशिका पारीक ,कालीचरण शर्मा ,रितिशा गुप्ता ने दी । स्थानीय लोगों ने तेजा गायन से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। इस दौरान उपखंड अधिकारी चाकसू शिवचरण शर्मा आश्रम पर पहुंचे और मुख्यमंत्री की ओर से भिजवाए गए बधाई संदेश को महाराज को दिया। चाकसू क्रय-विक्रय सहकारी समिति चैयरमैन मदन लाल चौधरी ने बताया कि गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर श्री रामधाम आश्रम में स्वामी बजरंग देवाचार्य जी महाराज की गुरु वंदना के लिए हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, दिल्ली, मुंबई व राजस्थान के जयपुर, टोंक, दौसा, करौली, अजमेर, शाहपुरा, जोधपुर, सीकर, गंगापुर सहित विदेश से भी बजरंग देवाचार्य जी महाराज के शिष्य के साथ आसपास के गांवों से 25 हजार से अधिक साधकों ने दिनभर लम्बी कतारों में खड़े होकर गुरु पूजन के लिए अपनी बारी का इंतजार किया।इस दौरान सुबह सवा नौ बजे भगवान को महाप्रसादी का भोग लगाकर श्रद्धालुओं के लिए पंगत प्रसादी शुरू कर दी जो देर रात तक जारी रहीं। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सुमन कुमावत की अध्यक्षता में आश्रम परिसर में पौधारोपण भी किया गया। इस दौरान सैकड़ों सेवादार व ग्रामीणों लोग सेवा में जुटे रहें। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष महेंद्र चौधरी सचिव चंद्र मोहन वडगोती, गिरिराज मोदानी , रमेश खंडेलवाल रामजी गुप्ता ,मुकेश यादव, भंवर बना ,विष्णु मामोडिया ,रामरतन , रामचंद्र चौधरी सहित कई गुरु भक्त व्यवस्था में रहे।

# गुरू पूर्णिमा पर ध्यान शिविर का आयोजन





हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** भारत भर में गुरूपूर्णिमा का पर्व बड़ी श्रद्धा व धूमधाम से मनाया जाता है। वहीं जगदम्बा नगर स्थित जगदम्बा नगर पार्क में शिष्यों ने योग गुरू हरिमोहन सैन व आचार्य श्रीहर निखिल को माला व साफा पहनाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने बताया भारतीय संस्कृति में गुरू परंपरा सनातन धर्म का आत्मा स्तंभ है। गुरू जीवन में अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर ज्ञान की रोशनी में लेकर आते हैं।

इस अवसर पर आचार्य श्रीहर निखिल रूद्र अघोर सत्संग व ध्यान शिविर में गुरू वंदना और आध्यात्मिक प्रवचनों के माध्यम से जीवन में गुरू की भूमिका और आध्यात्मिक साधना के विषय में भी मार्गदर्शन दिया। जैसे सूर्य के ताप से तृप्त भूमि को वर्षा से शीतलता एवं फसल पैदा करने की शक्ति मिलती है, ऐसे ही गुरूचरण में उपस्थित साधकों को ज्ञान, शक्ति, भक्ति और योग शक्ति प्राप्त करने की शक्ति मिलती है। इस दिन केवल गुरू को ही नहीं अपितु कुटुम्ब में अपने से जो बड़ा है अर्थात माता-पिता, भाई-बहन आदि को भी गुरूतुल्य समझना चाहिए। संसार की संपूर्ण विद्याएं गुरू की कृपा से ही प्राप्त होती है ओर गुरू के आशीर्वाद से ही दी हुई विद्या सिद्ध और सफल होती है। योग गुरू हरिमोहन सैन ने कहा योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। ध्यान व योग के निरन्तर अभ्यास से भयंकर से भयंकर बिमारियों को दूर किया जा सकता है। कार्यक्रम में पंडित उमेश उपाध्याय, योग गुरू मोनिका दुबे, रामचरण विजयवर्गीय, नरेंद्र अग्रवाल, इन्द्रराज चौधरी, जगन चौधरी, घनश्याम शर्मा , रामनिवास शर्मा, हनुमान शर्मा, शंकर चौधरी, मीठालाल, नवीन शर्मा, रामस्वरूप, कन्हैयालाल, राधेश्याम कुमावत, हेमलता शर्मा सहित काफी महिला, पुरूष व बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर सभी ने गुरूओं के अमूल्य ज्ञान और मार्गदर्शन के प्रति सम्मान और आभार प्रकट किया।

# पॉप-अप में शिरकत करने के लिए उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को किया आमंत्रित



## विचित्रा साड़ीज का जयपुर में पहला एक्सक्लूसिव पॉप-अप , 1 और 2 अगस्त को हाउस ऑफ हिडन ट्रेजर्स में आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** प्रतिष्ठित हेरिटेज ब्रांड विचित्रा साड़ीज, जो अपने शाही फ्लोरल डिज़ाइनों और विशिष्ट शिल्प कौशल के लिए प्रसिद्ध है, जयपुर में अपना पहला एक्सक्लूसिव पॉप-अप आयोजित करने जा रहा है। इसके लिए आयोजकों ने उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी से भेंट कर उन्हें पॉप-अप में शिरकत करने के लिए आमंत्रित किया है। इस दौरान दिव्यानी सिंह, ऋचा सिंह और सलोनी बदेर उपस्थित रहीं। यह आयोजन 1 और 2 अगस्त को नारायण निवास स्थित %हाउस ऑफ हिडन ट्रेज़र्स% में होगा, जहां ब्रांड की सदाबहार साड़ियों की भव्यता को आधुनिक और नए सिरे से प्रस्तुत किया जाएगा। जयपुर में होने वाले इस पॉप-अप में विचित्रा की सिग्नेचर फ्लोरल साड़ियां पेश की जाएंगी। यह ब्रांड, जिसकी स्थापना श्री उत्तम हरकिशन ने 1963 में की थी, अब उनके दोहते साहिल उत्तम और बहू अमृषा उत्तम ने एक नए और आधुनिक रूप में पुनः प्रस्तुत किया है। गौरतलब है कि विचित्रा की बारीक कारीगरी वाली साड़ियां वर्षों से राजस्थान, मध्यप्रदेश और नेपाल के राजघरानों की पसंद बनी रही हैं।

# गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया

हिंदुस्तान एक्सप्रेस

**चाकसू।** श्री दिगंबर जैन मंदिर बालवाड़ी में गुरु पूर्णिमा का पर्व बड़े ही भक्ति भाव एवं गुरु की आराधना करते हुए मनाया गया । समाज के अध्यक्ष दिनेश गंगवाल तामडिया एवं महामंत्री अजय गंगवाल ने बताया कि प्रातः- अभिषेक शांति धारा की गई । उसके पश्चात अष्टान्हिका महापर्व के तहत नंदीश्वरद्विप विधान पुजा,देव शास्त्र गुरु पूजा, भगवान आदिनाथ की पूजा आदि की गई । उसके पश्चात गुरु पूर्णिमा महोत्सव सामूहिक रूप से मनाया गया । समाज के संरक्षक अशोक सौगाणी एवं कोषाध्यक्ष पवन गंगवाल ने बताया कि इस पर्व के तहत समाज के महिला - पुरुषों एवं बच्चों ने आचार्य विद्यासागर जी महाराज , आचार्य वर्धमान सागर जी महाराज, आचार्य गुरुदेव प्रज्ञा सागर जी महाराज , निर्यापक मुनि सुधा सागर जी महाराज, एवं गणिनी आर्यिका गुरु मां विज्ञा श्री माताजी के चित्र के समक्ष भक्ति भाव से पूजन एवं अर्घ्य चढ़ायें गये एवं उनकी आराधना की गई । इस दौरान पूरा मंदिर गुरुओं के जयकारों से गूंज उठा । कार्यक्रम में अनंत गंगवाल , अभिनंदन गंगवाल , शुभम काला सहित कई महिलाएं एवं पुरुषों ने भाग लिया ।

# गंगापुर में आलोक विद्या मंदिर में गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**गंगापुर ।** आलोक विद्या मंदिर में गुरु पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों को भगवा दुपट्टा पहनाकर और श्रीफल भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। संस्था प्रधान रेखा लक्षकार ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के इस पावन अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। संस्था निदेशक दिनेश लक्षकार ने विद्यार्थियों को गुरु की महत्ता समझाते हुए प्रेरक प्रसंग सुनाए। उप प्रधानाचार्य रमेश शर्मा ने कहा कि माता-पिता प्रथम गुरु होते हैं और गुरु पूजनीय हैं। कार्यक्रम में सीमा कंवर, कृष्णा माली, प्रदीप कुमार माली, अनिल गर्ग, सोनाली माली, कुसुमलता शर्मा, चंचल माली सहित कई अभिभावक उपस्थित रहे। उत्सव में विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल देखने को मिला।

# महाराज संस्कृत विद्यालय में गुरुवंदन समारोह का आयोजन



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 10 जुलाई को राजकीय महाराज वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय बड़ी चौपड़ जयपुर में विद्यार्थियों द्वारा गुरु वंदन समारोह का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने विद्यालय के गुरुजनों का तिलकार्चन और माल्यार्पण कर अभिनन्दन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ.आशा शर्मा ने वर्तमान युग में गुरु पूर्णिमा की सामाजिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक प्रासंगिकता और महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मानव जीवन के उद्देश्यों और पुरुषार्थों की प्राप्ति सद्गुरुओं के बताए मार्ग पर चलने से ही संभव है। प्राचीन काल से सांस्कृतिक महत्व रखने वाले इन गौरवशाली पर्वों के आयोजन से नई पीढ़ी में सुसंस्कारों की अभिवृद्धि संभव होती है। समारोह में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने गुरुजनों के प्रति श्रद्धा की अभिव्यक्ति स्वरूप अपनी कविताएं एवं गीत प्रस्तुत किए। बाबूलाल शर्मा, उषा शर्मा, शिहतेश शर्मा, पवन शर्मा, अंजना शर्मा सहित सभी शिक्षकों व छात्राध्यापकों ने भी गुरु पूर्णिमा महोत्सव की प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किए।अंत में प्रधानाचार्या डॉ आशा शर्मा ने विद्यार्थियों को शुभाशीर्वाद के साथ आभार व्यक्त किया।

# गंगापुर में भारत विकास परिषद द्वारा 63वें स्थापना दिवस पर वृक्षारोपण किया

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**गंगापुर ।** भारत विकास परिषद शाखा गंगापुर ने अपने 63वें स्थापना दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बालाजी बावड़ी के पास कांचीपुरम में 8 फीट ऊंचाई के 25 बड़े वृक्षों का रोपण किया। इस वर्ष शाखा ने 200 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। रोपण कार्यक्रम में रीजनल महासचिव संदीप बाल्दी, शाखा अध्यक्ष भेरू लाल सुराणा, सचिव अखिलेश अग्रवाल, पर्यावरण प्रमुख चमन जैन, परिषद सदस्य चैन सुख जीनगर, दिनेश कुमार श्रोत्रिय, हरिवल्लभ शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और समाज को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया। शाखा अध्यक्ष भेरू लाल सुराणा ने कहा कि यह प्रयास न केवल पर्यावरण संरक्षण में योगदान देगा, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करेगा।




# गुरु का दर्जा संसार में सबसे ऊंचा-सतीशगिरी महाराज

## गुरु पूर्णिमा पर हुए अनेक धार्मिक आयोजन



**जावला।** ग्राम हनुमानधड़ा में स्थित हनुमान मंदिर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विशेष हिंदी अनुवाद में राजेन्द्र मितल,मोहनलाल खंडेलवाल, रामगोपाल वर्मा द्वारा बहुत ही शानदार और भाव मुक्त सुंदरकांड का वाचन किया गया । सुंदरकांड समापन के बाद अनेक धार्मिक आयोजन सहित भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारों लोगों को प्रसाद वितरण किया गया। हनुमानधड़ा बालाजी मंदिर के महंत सतीश गिरी महाराज ने कहा कि गुरु का दर्जा संसार में सबसे ऊंचा मान गया है इसलिए गुरु की पूजा और सेवा ही सर्वोपरि है जो व्यक्ति अपने गुरु का सम्मान करता है व समाज के अलावा देवलोक में भी सम्मान प्राप्त करता है। इससे पूर्व पंडित निरंजन शास्त्री,पवन शास्त्री मेहरासी द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच आयोजित हवन यज्ञ सहित पूजा अर्चना कर गुरु पूजन किया। इस दौरान सैकड़ों भक्तों ने महाराज सतीशगिरी जी महाराज से गुरु दीक्षा ली। शाम को महाआरती सहित कार्यक्रम का समापन किया गया।

# 'रेल मदद' पर उत्तर पश्चिम रेलवे शिकायतों का समाधान कर रहा 25 मिनट में

## रेल संबंधी सेवाओं और शिकायतों के लिए रेलवन ऐप उपलब्ध

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** यात्रियों को आरामदायक एवं सुरक्षित यात्रा के साथ ही सफर के दौरान हर मुश्किल एवम शिकायत का निदान करने के लिए रेलवे तत्पर है। इस हेतु रेलवे द्वारा ''रेल मदद' पोर्टल/एप्प पर 24ङ्क7 रेल यात्रियों की शिकायत पर तुरंत कार्यवाही की जा रही है। 01 जुलाई से रेलवे का रेल वन ऐप जारी हुआ है। रेल वन ऐप यात्रियों की सभी आवश्यक सेवाओं के लिए एक वन-स्टॉप सॉल्यूशन है। वर्तमान में उत्तर पश्चिम रेलवे रेल मदद पर प्राप्त शिकायतों का समाधान 25 मिनट में कर संपूर्ण भारतीय रेल में दूसरे स्थान पर है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री शशि किरण के अनुसार रेलवे ने हेल्पलाइन नंबर 139 की तरह शिकायत व सुझाव के सभी माध्यमों जैसे ङ्क (ट्विटर), फेसबुक, रेलवन ऐप आदि को ''रेल मदद'' पोर्टल व उसके एप में समायोजित किया है। आरक्षित, अनारक्षित, प्लेटफॉर्म टिकट, ट्रेन और पीएनआर पूछताछ, यात्रा योजना, रेल मदद सेवाएं ट्रेन में भोजन बुकिंग के साथ-साथ माल परिवहन (फ्रेट) से संबंधित पूछताछ की भी सुविधा उपलब्ध है।

इस पोर्टल पर रेलवे सम्बन्धित सुझाव को भी स्वीकार किया जाता है, सभी से अनुरोध है की रेलवे की कार्य प्रणाली अथवा यात्री सुविधाओं की बढ़ोतरी क्रम में अपने अमूल्य सुझाव रेलवे के साथ साझा करें। यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में रेलवे लगातार प्रयास कर रहा है। इसी दिशा में रेल मदद पोर्टल व एप्प भी एक सराहनीय कदम है। रेलवे प्रशासन रेल उपयोगकर्ताओं से अनुरोध करता है कि वे किसी भी अन्य मिलते जुलते नाम वाले ऐप से भ्रमित ना हों। रेलवे स्टेशन पर डिस्प्ले बोर्ड, कोच इंडीकेशन आदि से ही सही जानकारी ले तथा किसी अन्य प्रकार के संशय या असमंजस की स्थिति में स्टेशन मास्टर या किसी रेलवे कर्मचारी से संपर्क करें।

भारतीय रेलवे ''रेल मदद' पोर्टल से यात्रियों की शीघ्र मदद कर रहा है। यात्री मोबाइल, लैपटाप या कंप्यूटर पर ''रेल मदद' पोर्टल या सोशल मीडिया के माध्यम से रेलवे तक अपनी बात पहुंचाते हैं। रेलवे ने हर समस्या के निस्तारण की समय सीमा भी निर्धारित कर दी है। निर्धारित समय में समाधान नहीं हुआ, तो शिकायत उच्च अधिकारी तक पहुंचती जाएगी। जवाबदेही भी तय होती है, साथ ही निस्तारण की सूचना भी शिकायतकर्ता को देते हुए उससे फीडबैक भी मांगा जाता है। संबंधित यात्री को फोन पर संपर्क कर समस्या की जानकारी एवं तत्काल निस्तारण की कार्यवाही की जाती है। सम्मानित संतुष्ट रेल यात्रियों द्वारा रेलवे की इस त्वरित कार्यवाही पर धन्यवाद भी ज्ञापित किया जाता है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री अमिताभ के कुशल मार्ग निर्देशन से ''रेल मदद' पोर्टल/एप्प पर 2025 में 01 अप्रैल से 30 जून तक प्राप्त सभी 29371 शिकायतों पर तुरंत कार्यवाही की गई है। इस अवधि में शिकायतों के समाधान की औसत अवधि 25 मिनट रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे शिकायतों के निपटान समय में पूरे भारतीय रेलवे स्तर द्वितीय स्थान पर है। इसी अवधि में यात्रियों के फीडबैक का उत्कृष्ट/संतोषजनक का प्रतिशत 84.20 त्न रहा है। गत वर्ष 2024-25 में भी उत्तर पश्चिम रेलवे 102011 शिकायतों का समाधान औसत 26 मिनट में कर भारतीय रेलवे पर द्वितीय स्थान पर रहा । महाप्रबन्धक के दिशा-निर्देशों के पश्चात् सभी विभागों में शिकायतों का निस्तारण तेज हो गया है और उत्तर पश्चिम रेलवे के सभी मंडलों एवं मुख्यालय पर वार रूम स्थापित किया गया है जहां से रेल मदद पर प्राप्त शिकायतों की 24 घंटे मॉनिटरिंग की जाती है। रेलवे प्रशासन रेल यात्रियों की सेवा में सदा कटिबद्ध है।

# शिव शक्ति पॉलीमर्स प्रा. लि. ने 30 वर्ष पूर्ण किए

हिंदुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** शिव शक्ति पॉलीमर्स प्राइवेट लिमिटेड ने अपने कारोबार में 30 वर्ष का गौरवपूर्ण सफर तय किया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक नरेश अग्रवाल ने बताया कि 10 जुलाई 1995 को कंपनी की अम्बर टावर में स्थापना की विभिन्न कंपनियों का राजस्थान स्तर पर विपणन कार्य करते हुए उन्हें नए आयामों तक पहुंचाया व आगे चलकर ओरियन ब्रांड से स्वयं का उत्पाद बाजार में लॉन्च किया जिसमें पानी की टंकीया, पीवीसी व सीपीवीसी पाइप फिटिंग, एचडीपीई व एमडीपीई पाइप, सेक्शन पाइप, गार्डन पाइप, सिस्टर्न व सीट कवर व सिंक आदि की एक लंबी श्रृंखला है जो एक ही छत के नीचे उपलब्ध है व गुणवत्ता के लिए जानी जाती है।

# बाड़ी : गुरु पूर्णिमा पर जगह-जगह गुरुओं का वंदन



## गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर मंदिरों में पौधारोपण किया

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** हुनर शक्ति फाउंडेशन संस्था के द्वारा पंच वृक्ष अभियान मुहिम के साथ साथ ज़न जागरुकता अभियान पर्यावरण क्षेत्र मे गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर मंदिरों में पौधारोपण किया गया साथ ही स्थानीय लोगों से गुरु दक्षिणा मे शिष्य के द्वारा पंच वृक्ष पौधे लगाये जाने का आग्रह किया गया एवं उनकी देखभाल करने के लिए आग्रह किया गया साथ ही केंद्र सरकार की मुहिम एक पौधा मां के नाम बाल विकास के लिए पर्यावरण के प्रति रुचि जागरूक करने लिए बच्चों से भी संस्था के द्वारा पौधा रोपण कराया गया प्रकृति के संरक्षण के लिए पूरे विश्व में संकल्प लिया जाता है हुनर शक्ति फाउंडेशन के उद्देश्य मे शामिल प्रकृति के संरक्षण के लिए पर्यावरण के प्रति शिक्षित समाज की बुनियाद रखना संस्था अपने उद्देश्य को ध्यान मे रखते हुए निरंतर अपने प्रयासों से पर्यावरण के लिए प्रतिबद्ध है।

वन और जंगल नष्ट हो रहे हैं नदी और झरनों का रुख बदल रहा है. जल स्तर तेजी से घट रहा है. पर्यावरण का चक्र तेजी से बदल रहा है प्रकृति को इंसान विकास के लिए नुकसान पहुंचा रहा है ऐसे में जरूरत महसूस की गई कि पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए इसी उद्देश्य के चलते यह पौधारोपण अभियान शुरू किया। जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चों ने भी बड़ चढ़ कर भाग लिया पदाधिकारियों मे प्रशान्त शर्मा, नीरज झा, राधेश्याम तोमर, सतेन्द्र बघेला, अजय, विनोद चौहान, मनोज जाटव, दिलीप कुमार, रामहरी प्रजापति, छीतर सिंह, कनुआ, रामनाथ सिंह, रामबृज नबाब सिंह, महेश उपाध्याय, गुरुनाम सिंह, गब्बर सिंह, छोटेलाल, रामनिवास, चरन सिंह, रामबकील तोमर, रामब्रज प्रजापति आदि लोगों ने अलग-अलग स्थानों पर वृक्षारोपण किया।



## गुरु वंदन कार्यक्रम का आयोजन

**धौलपुर।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की उपशाखा मनियां के द्वारा महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय विरौधा में गुरु वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पर्यवेक्षक के रूप में पुरुषोत्तम शर्मा जिला मंत्री रहे। अध्यक्षता स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज शर्मा द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के दीप पप्रज्ज्वलन से हुआ तत्पश्चाप मुख्य वक्ता पुरुषोत्तम शर्मा द्वारा विद्यार्थियों को गुरु की महिमा के बारे में विस्तृत बताया गया और गुरु शिष्य के संबंधों पर भी प्रकाश डाला गया। गुरु हमेशा शिष्यों को अंधकार से ज्ञान की ओर ले जाने का कार्य करते हैं चाहे वह आध्यात्मिक गुरु हो चाहे शैक्षिक गुरु हो समाज को एक नई दिशा देने का कार्य गुरुओं का ही रहा है प्राचीन काल से ही हमारे यहां गुरुओं का स्थान पूजनीय माना गया है जो आज तक निरंतर चल रहा है। तत्पश्चात नीरज शर्मा दल द्वारा आध्यात्मिक गुरुओं के द्वारा जीवन में मोक्ष प्राप्ति का मार्ग बताया गया। इस मौके पर विद्यालय के नवनियुक्त शिक्षकों का संगठन के पट्टा पहना कर स्वागत किया गया। उप शाखा अध्यक्ष प्रदीप त्यागी द्वारा सभी अतिथियों का, गुरुओं का, विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया। इस मौके पर मंत्री अग्रवाल, अहमद नबी, ऋषि प्रकाश अग्रवाल लोकेंद्र सिंह, रामहरि शर्मा, गोपाल, हरिफूल, देवदत्त पाठक मंजू, स्नेहलता, राजकुमार शर्मा, सुरेश चंद, जितेन्द्र आदि उपस्थित रहे।

## कुशवाहा समाज की आरक्षण को लेकर पंचायत स्थगित

धौलपुर। जिले के तहसील मुख्यालय बसई नवाब स्थित आरक्षण संघर्ष समिति के प्रदेश प्रवक्ता प्रधान रामहेत कुशवाहा के प्रधान गार्डन में 13 जुलाई 2025 (रविवार)को आयोजित होने वाली कुशवाहा समाज की पंचायत को स्थगित कर दिया गया है । राजस्थान प्रदेश कुशवाहा आरक्षण संघर्ष समिति ने बारिश और मौसम को देखते हुए यह निर्णय लिया है । प्रदेश मीडिया प्रभारी डीके कुशवाहा के अनुसार अब यह पंचायत 27 जुलाई 2025 (रविवार)को आयोजित की जाएगी और पंचायत स्थान यथावत रहेगा। गौरतलब है कि प्रदेश कुशवाहा आरक्षण संघर्ष समिति और कुशवाहा समाज ने 12त्न आरक्षण और 12 सूत्रीय मांगों को लेकर पंचायत करने का निर्णय लिया था, जिसमें लवकुश बोर्ड में नियुक्ति और वित्तीय बोर्ड का दर्जा देने की मांग शामिल है । समाज ने सरकार से मांगें नहीं माने जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी थी।

## संत आश्रमों पर उमड़ी भीड़,नवीन शिष्यों ने ली गुरुओ से दक्षिणा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा के रूप में पूरे देश में मनाई जाती है। ऐसे में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शहर के विभिन्न आश्रमों पर भंडारों का आयोजन किया गया। शहर के सबसे बड़े राम दरबार बामणी नदी आश्रम पर जहां पूज्य गुरु ब्रह्मलीन पुरुषोत्तम दास महाराज के शिष्य एवं आश्रम के संत बनवारी दास द्वारा आयोजन किया गया। वहीं तुलसी वन रोड पर मानस भवन बमबम बाबा आश्रम पर भी विशाल भंडारा आयोजित हुआ। जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की और गुरु आशीर्वाद लिया। वहीं शहर की अग्रवाल धर्मशाला में आचार्य नरेंद्र शर्मा शास्त्री द्वारा शिष्यों के लिए गुरु पूजन कार्यक्रम आयोजित किया। गुरु पूर्णिमा के इस आयोजन की 2 दिन से तैयारी चल रही थी। बम बम बाबा आश्रम पर श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की तैयारी की गई। जिसमें शहरी और बाहरी क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में बम बम बाबा के शिष्य और श्रद्धालु आश्रम पहुंचे। जहां अखंड रामायण पाठ की महा आरती के बाद भंडारे की प्रसादी लगाई गई। जिसका सभी को वितरण किया गया। इस दौरान नए शिष्यों द्वारा गुरु से गुरु दक्षिणा भी ग्रहण की।

अग्रवाल धर्मशाला में आचार्य नरेंद्र शास्त्री द्वारा गुरु दक्षिणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नरेंद्र शास्त्री ने बताया कि पूरे वर्ष में गुरु पूर्णिमा पर ही शिष्य गुरु का मिलन होता है और यह दिन गुरु और शिष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस दिन शिक्षा दी जाती है जिसे दक्षिणा के रूप में शिष्य ग्रहण करते हैं। जीवन को सफल बनाने के लिए नए शिष्य को एक गुरु मंत्र भी दिया जाता है।गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शहर के विभिन्न संत आश्रमों के साथ मंदिरों और गुरु स्थान पर गुरु दक्षिणा कार्यक्रम का आयोजन किया है। कक



» बाड़ी बम बम बाबा से आशीर्वाद लेते शिष्य और श्रद्धालु

## बालिका विद्यालय में मनाया गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** विभिन्न स्वरूपों को समर्पित आषाढ़ शुक्ल की पूर्णिमा के दिन गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। इस दिन प्रत्येक व्यक्ति विशेष द्वारा अपने गुरु की पूजा का विधान होता है। इसी क्रम में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय धौलपुर में प्रधानाचार्य अर्चना मिश्रा की अध्यक्षता में अनोखे अंदाज में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व मनाया गया। उन्होंने बताया कि स्टाफ सदस्यों के साथ वरिष्ठ व्याख्याता मंजू जादौन के सहयोग से शमी का वृक्ष लगाया। राज्य पुरस्कृत व्याख्याता भगवान सिंह मीना एवं यूथ एंड ईको क्लब प्रभारी अनुपम पाराशर द्वारा बड़े पैमाने पर स्कूल को हरा भरा बनाने एवं बेजुबान पशु पक्षियों के लिए भामाशाह एवं स्टाफ सदस्यों का सहयोग लेकर पर्यावरण संरक्षण मुहिम चलाई जा रही है।

यूथ एंड ईको क्लब के सौजन्य से प्रधानाचार्य अर्चना मिश्रा को स्कूल का सबसे बड़ा गुरु होने के नाते समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने सम्मान दिया। उन्होंने कहा कि गुरु के विन विद्या नहीं मिल सकती है वृक्षारोपण कार्यक्रम के अवसर पर व्याख्याता मंजू जादौन उपमा शर्मा, राधा गर्ग,भगवान सिंह मीना, शालिनी श्रीवास्तव,वीर सिंह टांक, अनुपम पाराशर सहित अन्य मौजूद थे। ब्रज क्षेत्र में गुरु पूर्णिमा के पर्व को 'मुड़िया पूनौ' के रूप में मनाया जाता है।




## गुरु पूर्णिमा : महाविद्यालय में चलाया वृक्षारोपण अभियान



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** गुरूवार को राजकीय महाविद्यालय धौलपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. गिर्राज सिंह मीणा ने बताया कि वृक्ष हमारे जीवन के अभिन्न अंग हैं, इनके बिना किसी भी जीव का जीवन संभव नहीं। इस अवसर पर महाविद्यालय के एकलव्य स्टेडियम एवं नवनिर्मित पुस्तकालय के परिसर में अशोक, सप्तपर्णी, गुलमोहर, कचनार, अर्जुन, शहतूत एवं जामुन जैसे पौधों का रोपण किया गया। एनएसएस प्रभारी डॉ अंजुल सिंह ने पर्यावरण के संतुलन हेतु अधिक से अधिक पेड़ लगाने हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को प्रेरित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक डॉ सोहराब शर्मा, डॉ विश्वम्भर दयाल पाराशर, पवन कुमार मीणा, डॉ. मनु नायर, राजेश गुर्जर एवं अमर सिंह सैनी के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण में महाविद्यालय परिवार के शैक्षणिक एवं और शैक्षणिक स्टाफ सहित एनएसएस के छात्र एव छात्राएं उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री अप्रेंटिसशिप मेला (पीएमएएनएम) 14 जुलाई को

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मचकुन्ड रोड धौलपुर में 14 जुलाई सोमवार को प्रातः 10 बजे से प्रधानमंत्री अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। उपनिदेशक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ने बताया कि मेले में धौलपुर एवं अन्य जिलों के औद्योगिक प्रतिष्ठान शामिल होगें व प्रतिष्ठानों की ओर से आवश्यकतानुसार अभ्यार्थियों को रोजगार एवं शिक्षुता प्रशिक्षण के लिए चयनित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी बायोडेटा की तीन फोटो प्रति, तीन पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ, आधार कार्ड, दसवीं की अंक तालिका एवं आईटीआई प्रमाणपत्र व अकंतालिका की छाया प्रतियों सहित उपस्थित होकर मेले का लाभ लें।

## कोतवाली पुलिस ने अलीगढ़ रोड से पकड़ा अवैध हथियार के साथ युवक

बाड़ी। शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए शहर के अलीगढ़ रोड कुमार क्षेत्र से 19 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से एक देसी कट्टा के साथ लोडेड रिवाल्वर बरामद की है। आरोपी के खिलाफ आर्म एक्ट में कार्रवाई की जा रही है। कोतवाली थाना अधिकारी अमित शर्मा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा के निर्देश पर पूरे जिले में वांछित अपराधियों के साथ अवैध हथियार रखने वाले आरोपियों के खिलाफ धरपकड़ अभियान चलाया हुआ है। जिसके तहत मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया है। ऐसे में जरिये मुखबिर बुधवार की शाम सूचना मिली की शहर के अलीगढ़ रोड घुमट क्षेत्र में एक संदिग्ध हथियार के साथ घूम रहा है।

सूचना पर थाने के हेड कांस्टेबल जितेन्द्र सिंह के साथ कांस्टेबल शिवचरण और सतीश कुमार को मौके पर भेजा गया। जहां से एक 19 वर्षीय युवक अनस उर्फ अय्ये पुत्र बल्लू खान को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने एक लोडेड रिवाल्वर 38 बोर,एक 315 बोर का देसी कट्टा बरामद किया है। रिवाल्वर से चार कारतूस जप्त किए गए हैं। आरोपी के खिलाफ थाने पर मामला दर्ज करते हुए धारा 9/25 आर्म एक्ट में कार्रवाई की गई है।



## पर्यावरण बढ़ावा देने के लिए 2100 पेड़ लगाने का प्रण किया

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**राजाखेड़ा।** राष्ट्रीय क्षत्रिय युवा एकता भारत के संस्थापक कृष्णा परमार सैंपऊ ने जन्मदिन को मनाने के लिए अनूठी पहल चलाई। जिसमें उन्होंने फिजूल खर्ची को छोड़कर प्रकृति सौंदर्य और पर्यावरण बढ़ावा देने के लिए 2100 पेड़ लगाने का प्रण किया संगठन के मार्गदर्शक अरविंद सिंह परमार के निर्देश पर राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा बुंदेलखंड एवं देश-भर के कई जिलो में पौधारोपण किया गया। यह पौधारोपण राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष हरवीर सिंह राजपूताना की निगरानी में किया गया कृष्णा परमार सैंपऊ ने अपने जन्मदिन दिवस के शुभ अवसर पर कहा कि हमें जन्मदिन तो एक बहाना है पर्यावरण बचाना है। इस स्वघोष साथ पौधारोपण किया गया इसकी पूरी जिम्मेदारी राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय शैलेंद्र परमार जी के सानिध्य में हुई जिसमें धौलपुर जिले के बाड़ी बसेड़ी सैंपऊ धौलपुर एवं राजाखेड़ा में पौधारोपण प्रदेश महासचिव नरेंद्र चौहान एवं सत्यभान सिंह तोमर के द्वारा करवाया गया। बाड़ी में जिला अध्यक्ष धौलपुर नरेंद्र सिंह परमार बसेड़ी में ब्लॉक अध्यक्ष रत्न सिंह परमार, दौसा जिले में प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान प्रदीप सिंह चौहान, भरतपुर जिले में कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष नीकेश जादौन, करौली जिले में उमाशंकर सिंह चौहान जयपुर में जिला अध्यक्ष गजराज सिंह सिरोही में कुलदीप सिंह परमार पाली में भगवत सिंह चौहान ललितपुर में दीपेंद्र सिंह परमार आगरा में जितेंद्र सिंह धाकरे एवं देश भर के कहीं क्षेत्र में जन्म दिवस के उपलक्ष में वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण में प्रदेश सहसंयोजक रूपेंद्र सिंह राजावत, जिला प्रभारी धौलपुर अंजय सिंह सिकरवार, जिला महामंत्री धौलपुर अंशू परमार, जिला मंत्री भरतपुर शिवम सिंह चौहान, जिला सलाहकार धौलपुर कृष्णकांत परमार, ब्लॉक अध्यक्ष बयाना धीरज सिंह जादौन, ब्लॉक अध्यक्ष सैंपऊ देवेंद्र सिंह सिसोदिया, ब्लॉक संयोजक सैंपऊ, प्रदीप सिंह परमार आदि संगठन पदाधिकारी एवं प्रशासन ने भी भरपूर सहयोग किया।



## श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर हुआ भंडारा

धौलपुर। जगदम्बा मंदिर गढ़रपुरा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का विश्व शांति एवं सर्वकल्याण की कामना से समापन हुआ। कथा के समापन पर हवन और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान संदीप कृष्ण शास्त्री ने व्यासपीठ से कहा कि आत्मा को जन्म व मृत्यु के बंधन से मुक्त कराने के लिए भक्ति मार्ग से जुड़कर सत्कर्म करना होगा। हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। भंडारे में प्रसाद पाने को हजारों की संख्या में लोग उमड़ पड़े। दोपहर से शुरू हुआ भंडारा रात तक चलता रहा। इस दौरान जगदम्बा भक्त मण्डल के युवाओं ने समस्त व्यवस्था संभाली और किसी को भी बिना प्रसादी ग्रहण किए नहीं जाने दिया।


### कार्यालय ग्राम पंचायत नादनपुर पंचायत समिति सरमथुरा

क्रमांक- ग्रा.प. नादनपुर/2025-26/15 दिनांक :- 10.07.2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for Furniture Supply in GP. Nadanpur are invited from interested bidders upto 16/07/2025 on 06.00PM other Particulars of the Bid may be Visited on the proucurement portal (http//sppp.raj.nic.in,) of the state

**NIB No.** ZDH2526A0259 **UBN No.** ZDH2526WSRC00338

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत नादनपुर
पंचायत समिति सरमथुरा

प्रशासक
ग्राम पंचायत नादनपुर
पंचायत समिति सरमथुरा



### कार्यालय ग्राम पंचायत झिरी पंचायत समिति सरमथुरा

क्रमांक- ग्राम.प/2025-26/19 दिनांक :- 10.07.2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for Furniture Supply in GP.Jhiri are invited from interested bidders upto 16/07/2025 on 06.00PM other Particulars of the Bid may be Visited on the proucurement portal (http//sppp.raj.nic.in,) of the state

**NIB No.** ZDH2526A0260 **UBN No.** ZDH2526WSRC00339

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत झिरी
पंचायत समिति सरमथुरा

प्रशासक
ग्राम पंचायत झिरी
पंचायत समिति सरमथुरा



### कार्यालय पंचायत समिति सरमथुरा, जिला धौलपुर

क्रमांक- प.स.स/2025-26/493 दिनांक :- 09.07.2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for "Bhojan, Tant, Stationary And vechicle are invited from interested bidders Upto 14.07.2025 ON 06 :00 PM Other particulars of the bid may be visited on the procurement portel (http//sppp.raj.nic.in, proc.rajasthan.gov.in) of the State.

| NIB NO. | UBN NO. |
|---|---|
| ZDH2526A0254 | ZDH2526SSRC00334 |
| ZDH2526A0255 | ZDH2526SSRC00335 |
| ZDH2526A0256 | ZDH2526GSRC00336 |
| ZDH2526A0257 | ZDH2526SSRC00337 |

प्रधान
पंचायत समिति सरमथुरा

विकास अधिकारी पंचायत
समिति सरमथुरा



### न्यायालय सहायक कलक्टर (मु.) धौलपुर (राजस्थान)

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 व 5)

क्रमांक/कोर्ट/107 दिनांक 03-03-2025
उनवान-नरेशकुमार बनाम जितेन्द्र सिंह बगैरा
मुकदमा नम्बर-65/2023
दावा वास्ते स्थाई निषोधाज्ञा आधीन धारा 188 आरटीए

**सम्मन बनाम**

1. धर्मेन्द्र शर्मा -
2. सत्यानारायन शर्मा। -
3. केलो पुत्री बालकिशन।
4. मूलो पुत्री बालकिशन।

पुत्रगण मोहनलाल शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी ग्राम ओडेला तहसील व जिला धौलपुर (राज)
जाति भोई निवासी ग्राम ओडेला धौलपुर हाल निवासी केयरऑफ मुकेश कुमार पुत्र साहब सिंह जाति ब्राह्मण निवासी तिलक नगर भरतपुर (राज.)

राकेश ने आपके विरुद्ध दावा स्वत्व घोषणा इन्द्राज दुरुस्ती एवं स्थाई निषेधआज्ञा आधीन धारा 188 राजस्थान काश्तकारी अधि. संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 05.08.2025 को दिन में 10 बजे दावे का उत्तर देने हेतु उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वंय या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा हाजिर हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवार प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात हाजिर नहीं होंगे तो बात की सुनवाई निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। यह आज दिनांक 11-02-2025 और मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

सहायक कलक्टर (मु.) धौलपुर



### कार्यालय पंचायत समिति सरमथुरा, जिला धौलपुर

क्रमांक- प.स.स/2025-26 /494 दिनांक :- 09.07.2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for Constuction Work Material Supply are invited From interested Bidders up to 24/07/2025 on 06.00PM other Particulars of the Bid may be Visited on the proucurement portal (http//sppp.raj.nic.in, proc.rajasthan.gov.in) of the state

**NIB No.** ZDH2526A0261 **UBN No.** ZDH2526GLRC00340

प्रधान
पंचायत समिति समथुरा

विकास अधिकारी
पंचायत समिति सरमथुरा



### कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति बसेड़ी (राज.)

क्रमांकः/ लेखा/निविदा /307 दिनांक :- 10.07.2025

कार्यालय आदेश

पंचायत समिति बसेड़ी के अधीन 4 ग्राम पंचायतों में पुस्तकालय फर्नीचर क्रय हेतु निविदा जारी की गई है जिसे एसपीपीपी पोर्टल अथवा कायर्सालय समय में आकर देखा जा सकता है।

निबः- ZDH2526A0262 यूबीएनः- ZDH2526GSRL00341

विकास अधिकारी
पंचायत समिति बसेड़ी

## संपादकीय

# अपनी पहचान जाहिर करने में कैसी शर्म!

**-डॉ. आशीष वशिष्ठ -**

भगवान शंकर के प्रिय माह सावन की शुरूआत 11 जुलाई से है। सावन की शुरुआत के साथ ही कांवड़ यात्रा का शुभारंभ हो जाएगा। कांवड़ यात्रा में शिवभक्त नंगे पांव हाथ में कांवड़ लेकर लंबी दूरी तय करके शिवलिंग या ज्योतिर्लिंग में जाते हैं और पवित्र नदियों के जल से उनका अभिषेक करते हैं। उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर कांवड़ यात्रा निकालने की परंपरा है। कांवड़ यात्रा का विराट रूप  पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दिखता है। हरिद्वार से कांवड़ लेकर निकलने वाले कांवड़ यात्री इस मार्ग से निकलते हैं। इस मार्ग में भगवान शिव के कई बड़े प्राचीन एवं प्रसिद्ध मंदिर हैं। यहां पर श्रद्धालु भगवान का जलाभिषेक करते हैं। मुजफ्फरनगर, शामली, मेरठ से लेकर गाजियाबाद, हापुड़ तक के शिव मंदिरों में इस मार्ग से गंगाजल लेकर भक्त कांवड़ यात्रा निकालते हैं। लेकिन कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा मार्ग पर तनाव बढ़ गया है।

असल में, मुजफ्फरनगर जिले के बघरा गांव में योग साधना आश्रम के संचालक और सनातन धर्म के प्रचारक स्वामी यशवीर महाराज पिछले कुछ वर्षों से कांवड़ मार्ग पर दुकानों और ढाबों पर नेम प्लेट लगाने की मांग करते रहे हैं। उनका कहना है कि कांवड़ मार्ग पर कुछ लोग हिंदू देवी-देवताओं के नाम पर ढाबे और दुकानें चलाकर शिव भक्तों को धोखा दे रहे हैं। पहचान छुपाकर धोखा देने वाले कई मामले सामने आने के बाद पिछले साल उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों ने आदेश जारी किए कि कांवड़-यात्रा के मार्ग के ढाबे, होटल, रेस्तरां, दुकानदार, खोमचेवाले स्पष्ट नाम पट्टिका लगाएंगे। सरकार का मंतव्य है कि कांवड़ियों की आस्था और श्रद्धा खंडित न हो। सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश इस पर रोक लगा दी थी। हालांकि, इस साल भी उप्र और उत्तराखंड की सरकारों ने पिछले साल की भांति आदेश जारी किए हैं।

ताजा प्रकरण यह है कि, स्वामी यशवीर महाराज और हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता कांवड़ मार्ग स्थित दिल्ली-दून हाईवे स्थित पंडित वैष्णो ढाबा पर पहुंचे। वास्तव में, ढाबा मुस्लिम का था, लेकिन बोर्ड पर लिखा था-'पंडित का शुद्ध वैष्णो ढाबा।' यानी पहचान छिपाने का अपराध किया गया था। पंडित वैष्णो ढाबे को सनव्वर नाम का एक मुस्लिम व्यक्ति चलाता है। इस ढाबे में उसका बेटा आदिल और जुबैर समेत दो अन्य लोग भी काम करते हैं।

कहा जा रहा है कि यशवीर महाराज और अन्य ने ढाबे के मालिक और कर्मचारियों की धार्मिक पहचान जांचने के लिए पैंट उतरवाई। विवाद यहीं से भडक़ा। आग में घी डालते हुए समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद एसटी हसन ने पहचान वाले मामले को पहलगाम आतंकी हमले से जोड़ने का काम किया। हसन ने कहा कि, %%मैं पूछना चाहता हूं कि क्या आम नागरिकों को अधिकार है कि वह किसी दुकानदार की पैंट उतरवाकर चेक कर सकते हैं? क्या पहलगाम में आतंकियों ने पैंट नहीं उतरवाई थी? ऐसा करने वाले और पहलगाम के आतंकवादियों में क्या अंतर रह गया?%%

उस ढाबे पर यह घटना हुई अथवा नहीं, पुलिस इसकी जांच कर रही है। लेकिन प्रकरण को 'सांप्रदायिक मोड़' दे दिया गया। पहलगाम एक सुनियोजित आतंकी कृत्य था। इन दोनों घटनाओं की तुलना करना न केवल तथ्यात्मक रूप से गलत है, बल्कि यह समाज में धार्मिक आधार पर तनाव पैदा करने का प्रयास भी है। और जहां तक बात पहचान छुपाने या धोखा देने की है तो यह धंधा लंबे समय से चल रहा है। जुलाई, 2021 में गाजियाबाद में दो ऐसे मुसलमान दुकानदारों का पता चला था, जो हिंदू नाम से दुकान चला रहे थे। इनमें एक दुकान पुरानी सब्जी मंडी में है, जिसका नाम है %न्यू अग्रवाल पनीर भंडार।% इस दुकान का मालिक है मंजूर अली। दूसरी दुकान %लालाजी पनीर भंडार% के नाम से है। इसका मालिक ताहिर हुसैन है। इन दोनों का कहना था कि हिंदू नाम रखने से ग्राहक कम पूछताछ करते हैं और धंधा अच्छा चलता है। यानी ये धंधे के लिए हिंदुओं के साथ धोखा कर रहे थे।

# सोशल मीडिया की जवाबदेही तय करनी होगी

**भारत में ज्यादातर यूजर ओटीटी वीडियो और म्यूजिक कंटेंट के लिए इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं। चैटिंग, ईमेल और कॉल्स के साथ सोशल मीडिया का भी खूब इस्तेमाल होता है। ये एक्टिविटीज शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में समान रूप से लोकप्रिय हैं।**

**– रोहित माहेश्वरी, स्वतंत्र पत्रकार –**

पूरी दुनिया में सूचना और संचार क्रांति की अंधी दौड़ मची है। इसमें बहुत बड़ी भूमिका इंटरनेट निभा रहा है। आज जिनके पास भी इंटरनेट है उनका एक अहम समय इसपर ही व्यतीत होता है, खासकर सोशल मीडिया पर। वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र का एक अहम पहलू है। इस अधिकार के उपयोग के लिये सोशल मीडिया ने जो अवसर नागरिकों को दिये हैं, डेढ दशक पूर्व उनकी कल्पना भी किसी ने नहीं की होगी। दरअसल, इस मंच के ज़रिये समाज में बदलाव की बयार लाई जा सकती है। लेकिन, चिंता का विषय है कि मौजूदा वक्त में सोशल मीडिया अपनी आलोचनाओं के लिये चर्चा में रहता है। दरअसल, सोशल मीडिया की भूमिका सामाजिक समरसता को बिगाड़ने और सकारात्मक सोच की जगह समाज को बांटने वाली सोच को बढ़ावा देने वाली हो गई है।



हाल ही में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सेना के खिलाफ इंटरनेट (सोशल) मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट करने के आरोपित को जमानत देने से इन्कार कर दिया। न्यायमूर्ति देशवाल ने कहा, उच्च प्रतिष्ठित व्यक्तियों के खिलाफ निराधार आरोप लगाकर, ऐसी सामग्री पोस्ट करना जो लोगों के बीच वैमनस्य और घृणा पैदा करती है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की आड़ में सोशल मीडिया का दुरुपयोग करना ÷कुछ लोगों के समूहों के बीच फैशन÷ बन गया है।

एक अन्य मामले में बीते दिनों इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक अन्य आरोपी की जमानत खारिज करते हुए डिजिटल मीडिया के अपराधीकरण पर चिंता जाहिर की है। न्यायमूर्ति अजय भनोट ने यह टिप्पणी उस समय की जब उन्होंने वाट्सएप पर एक महिला की अश्लील तस्वीरें प्रसारित करने के आरोपी रामदेव की जमानत अर्जी खारिज की।

आज सोशल मीडिया का इस्तेमाल राजनीतिक पार्टियों द्वारा भी जम कर किया जा रहा है मगर इसका इस्तेमाल जिस तरह से हो रहा है वह वाकई चिंता का विषय है। राजनीतिक पार्टियों के साथ-साथ उनके समर्थक भी अक्सर शालीनता की सारी हदे पार कर लेते हैं। लोकसभा चुनाव 2024 के समय चुनाव आयोग ने भी राजनीतिक दलों को सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर स्पष्ट रूप से निर्देश दिया था कि वे ऐसी सामग्री प्रकाशित न करें जो झूठी, भ्रामक या अपमानजनक हो, खासकर महिलाओं के प्रति। अभियान सामग्री में बच्चों का उपयोग और हिंसा या जानवरों को नुकसान पहुंचाने का चित्रण भी निषिद्ध है। सुप्रीम कोर्ट भी कई मामलों में सोशल मीडिया के दुरुपयोग के बारे में सख्त टिप्पणियां कर चुका है।

साल 2020 में संयुक्त राज्य अमेरिका में एक अफ्रीकी-अमेरिकी युवक की मृत्यु के बाद बड़े पैमाने पर हिंसक विरोध प्रदर्शन को दौर प्रारंभ हो गया था। यह हिंसक विरोध प्रदर्शन स्वतः परंतु सोशल मीडिया द्वारा विनियोजित था। इससे पूर्व अरब की सड़कों पर शुरू हुए प्रदर्शनों (जिसने कई तानाशाहों की सत्ता को चुनौती दी) में भी सोशल मीडिया के व्यापक प्रभाव का अनुभव किया गया था। सोशल मीडिया के माध्यम से लोग अपने विचारों को एक-दूसरे के साथ साझा कर एक नई बौद्धिक दुनिया का निर्माण कर रहे हैं।

भारत में इंटरनेट यूजर्स की तादाद लगातार तेजी से बढ़ रही है। इसमें खासकर ग्रामीण इलाकों से आने वाले यूजर्स शामिल हैं। आई.ए.एम.ए.आई. और कंतार की रिपोर्ट %इंटरनेट इन इंडिया% के मुताबिक, भारत में 2025 के दौरान इंटरनेट? यूजर्स की संख्या 90 करोड़ के पार हो? सकती है। यह रिपोर्ट बताती है कि 2024 में ?इंटरनेट यूजर्स की संख्या 88.6 करोड़ ?तक पहुंच गई थी।

ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट यूजर शहरी क्षेत्रों की तुलना में तेजी से बढ़ रहे हैं। 2024 में भारत में 88.6 करोड़ एक्टिव इंटरनेट यूजर थे। इनमें से 48.8 करोड़ ग्रामीण इलाकों से थे। यह देश के कुल इंटरनेट यूजर्स का 55 प्रतिशत हिस्सा है। देश में इंटरनेट यूजर्स में से 47 प्रतिशत महिलाएं हैं। इस ट्रेंड से जाहिर होता है कि डिजिटल क्रांति अब सिर्फ शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि गांवों तक भी अपनी पहुंच बना रही है और वह भी हर वर्ग में।

भारत में ज्यादातर यूजर ओटीटी वीडियो और म्यूजिक कंटेंट के लिए इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं। चैटिंग, ईमेल और कॉल्स के साथ सोशल मीडिया का भी खूब इस्तेमाल होता है। ये एक्टिविटीज शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में समान रूप से लोकप्रिय हैं। साथ ही, डिजिटल पेमेंट्स और नेट कॉमर्स (ई-कॉमर्स) जैसे गतिविधियां भी तेजी से बढ़ रही हैं, जिससे डिजिटल अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, वॉट्सऐप, और इंस्टाग्राम का इस्तेमाल अब सिर्फ पर्सनल चैट तक सीमित नहीं है, बल्कि इनका कमर्शियल कामकाज के लिए भी उपयोग किया जा रहा है। रील्स बनाने का ट्रेंड शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों के लोगों में समान रूप से पॉपुलर है। औसत दैनिक उपयोग- इंटरनेट यूजर हर दिन औसतन 90 मिनट इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं। इसमें शहरी यूजर थोड़ा ज्यादा समय (94 मिनट) तक इंटरनेट चलाते हैं। ग्रामीण यूजर्स (89 मिनट) इस मामले में उनसे थोड़ा पीछे हैं। लेकिन, यह आंकड़ा दिखाता है कि इंटरनेट अब दैनिक जीवन का जरूरी हिस्सा बन गया है, चाहे वह शहरी हो या ग्रामीण क्षेत्र।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि सोशल मीडिया ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार को नया आयाम दिया है, आज प्रत्येक व्यक्ति बिना किसी डर के सोशल मीडिया के माध्यम से अपने विचार रख सकता है और उसे हज़ारों लोगों तक पहुंचा सकता है। वहीं,सोशल मीडिया पर फेक न्यूज के माध्यम से समाजकंटक समाज में वैमनस्यता, नफरत फैलाने और सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का काम करते हैं। बिना किसी जांच-पड़ताल के अधिकांश मुद्दों को जाति, धर्म, संप्रदाय में बांट कर वास्तविकता और संविधान की मूल भावना को दरकिनार करके असभ्य और अमर्यादित भाषा में टिप्पणी करने लगते हैं। कई लोग तो सोशल मीडिया का दुरुपयोग भी धड़ल्ले से कर रहे हैं। फर्जी फेसबुक, इंस्टाग्राम व अन्य अकाउंट बनाकर लोगों को ठगा जा रहा है। इसमें आपत्तिजनक चीजों की भरमार है जिससे सोशल मीडिया की प्राइवेसी को खतरा है।

वर्तमान में सोशल मीडिया सबसे ताकतवर माध्यम है, लेकिन इसकी जिम्मेदारी भी उतनी ही बड़ी होनी चाहिए। सोशल मीडिया को अधिक जिम्मेदार बनाने के लिए सख्त नियमों का पालन करवाना चाहिए। फेक न्यूज और हेट स्पीच पर तुरंत कार्रवाई हो। प्लेटफॉर्म को कंटेंट मॉडरेशन तकनीक बेहतर करनी चाहिए। यूजर्स की पहचान सत्यापित होनी चाहिए। डिजिटल साक्षरता बढ़ाने के लिए स्कूलों और समाज में जागरूकता अभियान चलाए जाएं। शिकायतों के त्वरित निवारण हेतु नियामक तंत्र मजबूत हो। विशेषज्ञों के अनुसार, सोशल मीडिया को अधिक जिम्मेदार बनाने के लिए उपयोगकर्ताओं, प्लेटफार्मों और सरकारों को मिलकर काम करना होगा।

आम नागरिकों में इस बात की समझ भी नहीं है कि किस बात को कैसे लोगों के समक्ष रखना है। साथ ही राजनीतिक दल भी इसका भरपूर उपयोग अपने फायदे के लिए कर रहे है। अब किससे यह उम्मीद की जाये? सोशल मीडिया भारत में अभी अपने उत्कर्ष पर है, इसलिए उसकी आक्रामकता स्वाभाविक है,परंतु यहां उसे अपनी मर्यादाओं और जिम्मेदारियों को समझना होगा। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का महत्व समझते हुए उसका दुरुपयोग करने से बचने की जरूरत है। ऐसा न हो कि सोशल मीडिया के धुरंधरों की ये नादानियां सत्ता को इस माध्यम पर अंकुश लगाने का अवसर दे बैठे। सोशल मीडिया की स्वतंत्रता के साथ जवाबदेही भी जरूरी है, तभी यह समाज को जोड़ने का माध्यम बन सकता है, तोड़ने का नहीं।

# नेताओं की सियासी फायदे वाली चुप्पी और हंगामे वाला ड्रामा

**संजय सक्सेना, लखनऊ**

भारत की राजनीति एक ऐसा मंच है, जहां हर दिन नया ड्रामा, नया विवाद और नई कहानियां जन्म लेती हैं। यह वह रंगमंच है, जहां राजनैतिक दल और उनके नेता कभी किसी मुद्दे पर गहरी चुप्पी साध लेते हैं, तो कभी मामूली-सी बात को लेकर हंगामा खड़ा कर देते हैं। यह चुप्पी और हंगामा, दोनों ही उनकी सियासत का हिस्सा हैं। एक सोची-समझी रणनीति, जो जनता के मन को भटकाने, सहानुभूति बटोरने या विरोधियों को घेरने के लिए रची जाती है। इस सियासत की परतें इतनी जटिल हैं कि आम आदमी अक्सर यह समझ ही नहीं पाता कि आखिर माजरा क्या है। ताजा मामला महाराष्ट्र में भाषा विवाद से जुड़ा हुआ है जहां मराठी की अस्मिता के नाम पर उत्तर भारतीयों को मारा-पीटा जा रहा है और इस पर उत्तर भारत में राजनीति करने वाले नेता तक मुंह खोलने से कतरा रहे हैं। कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा, कांग्रेस अध्यक्ष खरगे सब के मुंह पर ताला लगा हुआ है। यहां तक कि कांग्रेस को जिताने के लिये चुनावी दौरे पर बिहार गए राहुल गांधी इस मसले पर चुप्पी साधे रहे, यही हाल सपा प्रमुख अखिलेश यादव का भी है जिन्होंने गत दिनों एक कथावाचक के साथ अभद्रता के मामले को ब्राह्मण-यादव के बीच की लड़ाई बना दिया था। इसी तरह से यूपी के बलरामपुर में एक मौलाना के धर्मांतरण के घिनौने खेल, जिसमें हिन्दू युवतियों को लव जिहाद में फंसाया जा रहा था के बारे में अखिलेश सहित तमाम गैर बीजेपी दलों की चुप्पी घातक लगती है।

कभी-कभी किसी गंभीर मुद्दे पर राजनैतिक दलों की चुप्पी इतनी गहरी होती है कि वह अपने आप में एक बयान बन जाती है। उदाहरण के लिए, जब देश में कोई बड़ा घोटाला सामने आता है, या कोई सामाजिक मुद्दा जैसे जातिगत हिंसा, धार्मिक तनाव या आर्थिक असमानता उभरता है, तो कुछ दल और उनके नेता ऐसी खामोशी ओढ़ लेते हैं, मानो उन्हें कुछ पता ही न हो। यह चुप्पी कोई कमजोरी नहीं, बल्कि एक सुनियोजित रणनीति होती है। वे जानते हैं कि कुछ मुद्दों पर बोलना उनके वोट बैंक को नुकसान पहुंचा सकता है। मिसाल के तौर पर, जब किसी संवेदनशील धार्मिक मुद्दे पर देश में तनाव बढ़ता है, तो कई नेता चुप रहना पसंद करते हैं, क्योंकि उनकी एक टिप्पणी उनके समर्थकों को नाराज कर सकती है या विरोधियों को हमला करने का मौका दे सकती है। यह चुप्पी उनकी सियासत का एक हिस्सा है, जो न बोलकर भी बहुत कुछ कह जाती है।

वहीं, दूसरी ओर, कुछ मुद्दों पर राजनैतिक दल और नेता इतना हंगामा खड़ा कर देते हैं कि वह मुद्दा असल में जितना बड़ा है, उससे कहीं ज्यादा विशाल दिखने लगता है। छोटी-सी घटना को तूल देना, सोशल मीडिया पर ट्रेंड चलाना, और सड़कों पर प्रदर्शन करना—यह सब उनकी रणनीति का हिस्सा होता है। उदाहरण के तौर पर, उत्तर प्रदेश की सियासत में 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान देखा गया कि कैसे कुछ दलों ने छोटे-छोटे मुद्दों को लेकर बड़े-बड़े प्रदर्शन किए। एक नेता के बयान को तोड़-मरोड़कर उसे जातिगत या धार्मिक रंग दे दिया गया, और फिर उस पर हफ्तों तक बहस चली। यह हंगामा इसलिए नहीं था कि मुद्दा वाकई इतना गंभीर था, बल्कि इसलिए कि वह दल उस समय जनता का ध्यान अपनी ओर खींचना चाहता था।

इस चुप्पी और हंगामे की सियासत के पीछे कई कारण हैं। सबसे बड़ा कारण है वोट बैंक की राजनीति। भारत जैसे देश में, जहां जाति, धर्म, और क्षेत्रीयता राजनीति के केंद्र में हैं, राजनैतिक दल हर कदम सोच-समझकर उठाते हैं। अगर कोई मुद्दा उनके कोर वोटरों को नाराज कर सकता है, तो वे उस पर चुप्पी साध लेते हैं। मिसाल के तौर पर, जब किसी राज्य में जातिगत हिंसा की घटना होती है, तो कुछ दल इस पर बोलने से बचते हैं, क्योंकि उनका वोट बैंक उस जाति से जुड़ा हो सकता है। वहीं, अगर कोई मुद्दा उनके विरोधियों को घेरने का मौका देता है, तो वे उस पर इतना शोर मचाते हैं कि जनता का ध्यान मूल मुद्दे से हटकर उनकी सियासत पर चला जाता है।

2024 में उत्तर प्रदेश की राजनीति में ऐसा ही कुछ देखने को मिला। लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को कुछ सीटों पर अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा। इसके पीछे कई कारण थे, लेकिन विपक्षी दलों ने इसे सरकार की विफलता के रूप में प्रचारित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन ने 'पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक' (पीडीए) के नारे को इतना जोर-शोर से उठाया कि यह जनता के बीच एक बड़ा मुद्दा बन गया। दूसरी ओर, जब राम मंदिर जैसे मुद्दे पर विपक्ष को बोलने का मौका मिला, तो कई नेता चुप्पी साध गए, क्योंकि वे नहीं चाहते थे कि उनके बयान से हिंदू वोटर नाराज हो जाएं। यह चुप्पी और हंगामे का खेल सियासत का एक पुराना हथियार है, जो आज भी उतना ही प्रभावी है।

इस सियासत का एक और पहलू है मीडिया और सोशल मीडिया का बेजा इस्तेमाल। आज के दौर में, जहां हर व्यक्ति के हाथ में स्मार्टफोन है, राजनैतिक दल और नेता सोशल मीडिया को हथियार की तरह इस्तेमाल करते हैं। किसी मुद्दे पर हंगामा खड़ा करना हो, तो एक्स पर ट्रेंड चलाया जाता है, व्हाट्सएप ग्रुप्स में मैसेज वायरल किए जाते हैं, और टीवी चैनलों पर घंटों बहस कराई जाती है। उदाहरण के लिए, जब किसी नेता का कोई पुराना वीडियो या बयान वायरल होता है, तो विपक्षी दल उसे लेकर इतना हंगामा मचाते हैं कि वह एक राष्ट्रीय मुद्दा बन जाता है। लेकिन जब बात उनके अपने नेताओं के विवादास्पद बयानों पर आती है, तो वही दल चुप्पी साध लेते हैं। यह दोहरा रवैया जनता को भ्रमित करता है, लेकिन सियासत के लिए यह एक आजमाया हुआ नुस्खा है।

राजनैतिक दलों की यह रणनीति केवल जनता को प्रभावित करने तक सीमित नहीं रहती। यह उनके आंतरिक संगठन और नेतृत्व पर भी असर डालती है। कई बार, किसी बड़े मुद्दे पर चुप्पी इसलिए साधी जाती है, क्योंकि दल के अंदर ही उस मुद्दे पर मतभेद होते हैं। उदाहरण के लिए, जब किसी दल में नए नेतृत्व को लेकर चर्चा होती है, तो कई वरिष्ठ नेता चुप रहते हैं, क्योंकि वे नहीं चाहते कि उनकी टिप्पणी से उनके करियर को नुकसान पहुंचे।

# ई- वोटिंग ने रच दिया इतिहास

**इससे मतदान के प्रतिषत में आषातीत सुधार तो होगा ही, जातीय और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की संभावनाएं न्यूनतम हो जाएंगी। ई-वोटिंग का काम पूर्वी चंपारण जिले की नगर पंचायत पकड़ी दयाल के अलावा पटना, बक्सर, रोहतास, सारण और बांका में सी-डैक और एसईआर के जरिए किया गया था।**

**प्रमोद भार्गव**

देष में मतदान के प्रति अरुचि प्रत्येक चुनाव में देखने में आती रही है। रोगग्रस्त या अन्य लाचारों को तो छोड़िए, उच्च षिक्षित एवं सक्षम कुलीन वर्ग मतदान के प्रति सबसे ज्यादा उदासीन रहता है। वैसे तो निर्वाचन आयोग मतदान का प्रतिषत और सुविधा के मतदान के लिए अनेक प्रयोग करता रहा है, लेकिन अब बिहार राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निकाय के उपचुनाव में पहली बार ई-वोटिंग का प्रयोग करके इतिहास रच दिया है। मोबाइल से मतदान की सुविधा उन लोगों के लिए वरदान साबित हुई, जो मतदान केंद्र पर पहुंचकर वोट देने से मजबूर थे। तमाम मतदाता गांव और राज्य से बाहर होने के कारण मतदान करने से वंचित रह जाते हैं। लेकिन मोबाइल से ई-मतदान की सुविधा के चलते बिहार के इस चुनाव में 80.60 प्रतिशत और उपचुनाव में 58.38 प्रतिशत मतदाताओं ने मोबाइल के जरिए मतदान किया। पहली महिला ई-वोटर विभा कुमारी और पहले पुरुश मतदाता मुन्ना कुमार बने।

राज्य निर्वाचन आयुक्त डॉ दीपक प्रसाद ने मोबाइल से ई-मतदान कराए जाने की प्रेरणा यूरोपीए देष एस्टोनिया से ली। चूंकि अब ई-वोटिंग का सफल प्रयोग हो चुका है, इसलिए भविश्य में इसकी मांग बढ़ेगी। जो गर्भवती महिलाएं, बुर्जुग, विकलांग, असाध्य रोगों से ग्रसित और अपने मतदान स्थल से दूर रहने वाले लोग मतदान से वंचित रह जाते थे, उन्हें लोकतंत्र के इस महायज्ञ में भागीदार बनने की आसान सुविधा मिल जाएगी। इस सुविधा से एक बड़ी समस्या का सामाधान बिना किसी अतिरिक्त खर्च के हो जाएगा। चूंकि मतदान केंद्रों पर विभिन्न दलों का जमावड़ा नहीं होगा, इसलिए निश्पक्ष और षांतिपूर्ण मतदान की संभावना बढ़ जाएगी। इससे मतदान की निजता भी प्रभावित नहीं होगी। इससे मतदान के प्रतिषत में आषातीत सुधार तो होगा ही, जातीय और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की संभावनाएं न्यूनतम हो जाएंगी। ई-वोटिंग का काम पूर्वी चंपारण जिले की नगर पंचायत पकड़ी दयाल के अलावा पटना, बक्सर, रोहतास, सारण और बांका में सी-डैक और एसईआर के जरिए किया गया था। अब यह जरूरी लगता है कि जब पैसे के लेनदेन से लेकर अचल संपत्ति के हस्तांतरण के काम ऑनलाइन या डिजिटल प्रणालियों से हो रहे हैं तो फिर ई-मतदान को भी जरूरी बनाया जाए। बिहार के उपचुनाव में मोबाइल एप से ई-वोटिंग की प्रक्रिया प्रमाणित भी हो चुकी है। ई-वोटिंग को इसलिए भी अपनाया जाए, क्योंकि पूर्व से ही हमारे यहां पोस्टल वोटिंग का वैधानिक प्रावधान है। मतदान संपन्न कराने में जुटे कर्मचारी अपना वोट पोस्टल वोटिंग के जरिए ही देते हैं। अब कोई राजनीतिक दल और नेता यह बहाना नहीं बना सकता है कि अभी इंटरनेट या बिजली की सुविधा दुर्गम क्षेत्रों में नहीं है। एक बार बिजली भले ही प्रत्येक ग्राम में न हो, लेकिन सौर ऊर्जा से बिजली और मोबाइल टॉवर गांव-गांव पहुंच गए हैं। इनके जरिए इंटरनेट की सुविधा हासिल कराई जा रही है। सौर जैसी वैकल्पिक ऊर्जा दूर-दराज के ग्रामों में बिजली उपलब्ध करा रही है। फिर भी किसी गांव में बिजली नहीं है तो वहां ईवीएम के जरिए मतदान कराया जाए। ई-वोटिंग को चरणबद्ध रूप में कराए जाने का सिलसिला जल्द से जल्द षुरू होता है तो लोकतंत्र में लोगों की उम्मीद से ज्यादा भागीदारी बढ़ती दिखाई देगी। हालांकि मोबाइल से ई-वोटिंग को लेकर कुछ नेता अभी से संदेह जताने लगे हैं। उनका कहना है कि मोबाइल एप पर पंजीकरण में कठिनाई  आएगी। गांव के प्रभावी लोग दबाव बनाकर पक्षपातपूर्ण एवं फर्जी मतदान करा सकते है। भारत में फर्जी और दबाव से मतदान की अपवाद स्वरूप घटनाएं आज भी देखने में आ जाती हैं। ईवीएम से मतदान पर आज भी विपक्षी दल सवाल उठा रहे हैं। लेकिन ईवीएम की साख पर ठोस प्रमाण कोई दल या इंजीनियर आज तक नहीं दे पाया है। ई-वोटिंग पूरे देष के लिए अपना ली जाती है तो चुनाव खर्च में तो कमी आएगी ही, तकनीक की सार्थकता भी पेष आएगी। घरेलू प्रवासी मतदाताओं के लिए ई-वोटिंग की जरूरत इसलिए है, क्योंकि बड़ी संख्या में देष के मतदाता मजदूरी, पढ़ाई-लिखाई, नौकरी और अन्य काम-धंधों के लिए मूल निवास स्थल छोड़ जाते हैं। इसलिए वे चुनावों में अपने मताधिकार का उपयोग नहीं कर पाते। आयोग का कहना है कि 2019 के आम चुनाव में करीब 30 करोड़ यानी 67.4 प्रतिषत लोग इन्हीं कारणों के चलते अपने मत का उपयोग नहीं कर पाए थे।

# अमेरिकी कृषि उत्पाद बेचने से बचे भारत

**अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर ने भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से बातचीत में इन मुद्दों को द्विपक्षीय वार्ता में शामिल करने की बात कही है। किंतु भारत के लिए कृषि में बाहरी दखल एक संवेदनशील मसला है, क्योंकि हमारे किसान विदेशी पूंजीपतियों से प्रतिस्पर्धा करने की स्थिति में नहीं हैं।**

भारत और अमेरिका के बीच 9 जुलाई से पहले व्यापार समझौता होना हैं। यदि भारत अमेरिका की षर्तें नहीं माना है तो 9 जुलाई से टैरिफ यानी अंतरराश्ट्रीय व्यापार में लगाया जाने वाला कर 10 से बढ़ाकर 26 प्रतिशत हो जाएगा। भारत चाहता है कि जल्द अंतरिम व्यापार समझौता हो जाए। लेकिन अमेरिका अपने हितों को प्राथमिकता देते हुए चाहता है कि भारत में उसे कृशि और डेयरी उत्पाद बचने की अनुमति दी जाए। चीन ने अमेरिकी उत्पात खरीदने से मना कर दिया है। भारत राश्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के दबाव के बावजूद अमेरिका के लिए कृशि उत्पाद का बाजार खोलने के पक्ष में नहीं है। दरअसल भारत की 70 करोड़ से भी अधिक आबादी कृशि, दूध और मछली व अन्य समुद्री उत्पादन पर आश्रित है। इन उत्पादों से जुड़े लोग आत्मनिर्भर रहते हुए अपनी आजीविका चलाते हैं। हालांकि भारत सरकार इनकी आर्थिक स्थिति को ओर मजबूत बनाए रखने की दृश्टि से मुफ्त अनाज, खाद्य सब्सिडी और किसानों को छह हजार रुपए प्रतिवर्श अनुदान के रूप में देती है।

भारत की 70 प्रतिशत अर्थव्यवस्था का मूल आधार कृशि और उससे जुड़े उत्पाद हैं। अब अमेरिका इस परिप्रेक्ष्य में भारत पर व्यापक दबाव बनाकर द्विपक्षीय बातचीत करने का दबाव बना रहा है। अमेरिका चाहता है कृशि उत्पादों के लिए भारतीय बाजार तो खुले ही उत्पादों पर शुल्क भी कम करे। यदि भारत कोई समझौता करता है तो ब्रिटेन और यूरोपीय संघ भी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए दबाव बनाएंगे। यूरोपीय संघ चीज व अन्य दुग्ध उत्पादों पर शुल्क कटौती की इच्छा जता चुका है। अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर ने भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से बातचीत में इन मुद्दों को द्विपक्षीय वार्ता में शामिल करने की बात कही है। किंतु भारत के लिए कृषि में बाहरी दखल एक संवेदनशील मसला है, क्योंकि हमारे किसान विदेशी पूंजीपतियों से प्रतिस्पर्धा करने की स्थिति में नहीं हैं।

भारत में कृषि केवल आर्थिक गतिविधि नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने का एक सांस्कृतिक तरीका भी है। इसीलिए भारत के जितने भी पर्व हैं, उनका पंचांग कृषि पद्धति पर ही आधारित है। जबकि अमेरिका व यूरोपीय देश कृषि को मुनाफे का उद्योग मानते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार 2024 में अमेरिका का कृशि निर्यात 176 अरब डॉलर था, जो उसके कुल व्यापारिक निर्यात का लगभग 10 प्रतिशत हैं। बड़े पैमाने पर मशीनीकृत खेती और भारी सरकारी सब्सिडी के साथ अमेरिका और अन्य विकसित देश भारत को अपने निर्यात का विस्तार करने के लिए आकर्शक बाजार के रूप में देखते हैं। जबकि भारत अपने कृशि क्षेत्र को मध्यम से उच्च षुल्क की कल्याणकारी योजनाओं के द्वारा संरक्षित किए हुए है ताकि अपने किसानों को अनुचित प्रतिस्पर्धा से बचाया जा सके। कृषि क्षेत्र को मुक्त बाजार बनाने का मतलब है कि आयात प्रतिबंधों और शुल्कों को कम करना। कृषि को बाहरी सब्सिडी वाले विदेशी आयातों के लिए खोलने का अर्थ होगा, सस्ते खाद्य उत्पादों का भारत में आना, यह खुलापन भारतीय किसानों की आय और आजीविका को गंभीर रूप से प्रभावित करेगी।

ऐसा ही दबाव भारत पर विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने जेनेवा में 2022 में हुई बैठक में बनाया था। यहां तक कि अमेरिका और अन्य यूरोपीय देशों ने भारतीय किसानों को दी जाने वाली कृशि अनुवृत्ति (सब्सिडी) का जबरदस्त विरोध किया था। ये देश चाहते हैं कि किसानों को जो सालाना छह हजार रुपए की आर्थिक मदद और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अनाज खरीदनें की सुविधा दी जा रही है, भारत उसे तत्काल बंद करे। यही नहीं राश्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत देशभर के 81 करोड़ लोगों को जो मुफ्त अनाज दिया जा रहा है उस पर भी आपत्ति जताई थी। देश की करीब 67 फीसदी आबादी को मुफ्त अनाज मिलता है।



## लॉर्ड्स के म्यूजियम में सचिन तेंदुलकर की पेंटिंग

# 18 साल पुरानी फोटो से बनी है, अगले साल यहां से हटकर लॉर्ड्स के पवेलियन में लगेगी

**लंदन, एजेंसी।** लॉर्ड्स के फेमस मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (MCC) म्यूजियम में क्रिकेट के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर की एक खास पेंटिंग का उद्घाटन किया गया। भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट मैच की शुरुआत से पहले यह इवेंट हुआ। यह पेंटिंग आर्टिस्ट स्टुअर्ट पियर्सन राइट ने बनाई है, जो एक फोटो के आधार पर तैयार की गई है। यह फोटो उन्होंने सचिन के घर पर करीब 18 साल पहले ली थी। यह पेंटिंग इस साल के अंत तक MCC म्यूजियम में रहेगी, इसके बाद इसे लॉर्ड्स के ऐतिहासिक पवेलियन में लगाया जाएगा।



**यह मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है:** तेंदुलकर तेंदुलकर ने इस अवसर पर कहा, यह मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। 1983 में जब भारत ने वर्ल्ड कप जीता था, तब मैंने पहली बार लॉर्ड्स को देखा था। मैंने हमारे कप्तान कपिल देव को ट्रॉफी उठाते देखा था, और वहीं से मेरी क्रिकेट यात्रा शुरू हुई थी। आज जब मेरी पेंटिंग लॉर्ड्स के पवेलियन में लगी है, तो लगता है कि मेरी यात्रा अब पूरी हो गई है।

अपने करियर को याद करता हूं तो चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। यह पल बेहद खास है।

इस पेंटिंग की खास बात यह है कि यह फुल-लेंथ नहीं है, जैसा कि पहले की पेंटिंग्स थीं, बल्कि यह सचिन के सिर्फ सिर और कंधों पर बनी हैं।

**मैंने नए तरीके से बनाया:** राइट कलाकार स्टुअर्ट राइट ने कहा, MCC नहीं चाहता था कि यह पेंटिंग भी पहले जैसी हो, इसलिए मैंने एक नया तरीका अपनाया। मैंने सचिन के चेहरे पर ध्यान केंद्रित किया। उन्हें हीरो की तरह दिखाने के लिए पेंटिंग को बड़ा आकार दिया। उन्होंने आगे कहा कि मैंने हमेशा बैकग्राउंड को साधारण रखा है ताकि ध्यान सिर्फ व्यक्ति पर बना रहे।


यह पेंटिंग सचिन तेंदुलकर के लंबे और गौरवशाली करियर के लिए हैं। घिसे हुए एल्यूमीनियम से बनाया गया पेंटिंग रिलीज में बताया गया कि जैसे-जैसे पेंटिंग पर काम आगे बढ़ा, कलाकार ने इसमें बदलाव किए और आखिर में यह अब्रेसिव एल्युमिनियम (घिसे हुए एल्यूमिनियम) पर तेल चित्र के रूप में तैयार हुई। इसका बैकग्राउंड ऐब्स्ट्रैक्ट है, जो सचिन की पुरानी बैटिंग को दर्शाता है। राइट इससे पहले कपिल देव, बिशन सिंह बेदी और दिलिप वेंगसरकर की भी पेंटिंग बना चुके हैं।

# आईपीएल टिकट घोटाला- हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष जगनमोहन गिरफ्तार

## SRH को ब्लैकमेल करने का आरोप; BCCI के नियम से 10% फ्री पास मिलते हैं

**हैदराबाद, एजेंसी।** IPL 2025 टिकट घोटाले में हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (HCA) के प्रेजिडेंट ए. जगन मोहन राव को गिरफ्तार किया गया है। बुधवार को तेलंगाना अपराध जांच विभाग ने उनके साथ चार सीनियर अधिकारी भी हिरासत में लिए गए हैं। गिरफ्तार किए गए अन्य अधिकारी, HCA के कोषाध्यक्ष सी. श्रीनिवास राव, CEO सुनील कांते, महासचिव राजेंद्र यादव और राव की पत्नी जी. कविता हैं। इन सभी पर सनराइजर्स हैदराबाद को टिकट के लिए ब्लैकमेल करने का आरोप लगा है। BCCI के नियम मुताबिक किसी भी टीम के होम स्टेट स्टेडियम को स्टेडियम की क्षमता का 10% पास फ्री मिलता है।

**कब शुरू हुआ मामला?** तेलंगाना क्रिकेट एसोसिएशन (TCA) के महासचिव धर्म गुरव रेड्डी ने 9 जून को शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें



HCA के ऊपर जालसाजी, हेराफेरी और दबाव डालने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए थे। शिकायत के आधार पर CID ने IPC की कई धाराओं में केस दर्ज किया है, जिनमें 465 (जालसाजी), 468 (धोखाधड़ी), 471 (नकली दस्तावेज का असली की तरह इस्तेमाल), 403 (धोखाधड़ी से संपत्ति रखना), 409 (विश्वासघात) और 420 (धोखाधड़ी) शामिल हैं। आरोप है कि राव ने चुनाव में हिस्सा लेने के लिए फर्जी दस्तावेज जमा किए थे।

SRH से टिकट के लिए दबाव HCA पर आरोप है कि उन्होंने IPL फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) से तय सीमा से ज्यादा मुफ्त पास मांगे। SRH, HCA और BCCI के बीच हुए समझौते के अनुसार, HCA को सिर्फ 3,900 फ्री टिकट (स्टेडियम की क्षमता का 10%) मिलने चाहिए। लेकिन HCA अधिकारियों ने 10% अतिरिक्त टिकट की मांग की, जिसे SRH ने मना कर दिया।

**कॉरपोरेट बॉक्स लॉक कर टिकट मांगे**
SRH ने यह भी आरोप लगाया कि 27 मार्च को लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ मैच से कुछ घंटे पहले HCA अध्यक्ष ने एक कॉरपोरेट बॉक्स लॉक कर दिया और 20 अतिरिक्त टिकटों की मांग की। यह समझौते का उल्लंघन था।

**SRH ने दी थी राज्य बदलने की चेतावनी**
स्थिति इतनी बिगड़ गई कि SRH ने IPL गवर्निंग काउंसिल और BCCI से शिकायत की और कहा कि अगर दबाव की रणनीति बंद नहीं हुई तो वे अपने घरेलू मैच दूसरे राज्य में कर सकते हैं। अब भी 3,900 टिकट ही मिलेंगे तनाव कम करने के लिए HCA के सचिव आर. देवराज ने स्न्न टीम मैनेजर के साथ बैठक की। इसमें तय हुआ कि HCA को 3,900 फ्री पास ही मिलेंगे, जैसा पहले से होता आया है। SRH और HCA ने संयुक्त बयान में कहा कि अब वे मिलकर प्रोफेशनल तरीके से काम करेंगे ताकि दर्शकों को अच्छा अनुभव मिल सके।

# PSG फीफा क्लब वर्ल्ड कप 2025 के फाइनल में: रियल मैड्रिड को 4-0 से हराया

पेरिस सेंट जर्मेन (PSG) FIFA क्लब वर्ल्ड कप 2025 के फाइनल में पहुंच गई है। सेमीफाइनल में PSG ने स्पेनिश क्लब रियल मैड्रिड को 4-0 से हराया। इस मुकाबले में फैबियन रूईज ने छठे और 24वें मिनट में दो गोल किए, जबकि उस्मान डेम्बेले और गोंसालो रामोस ने भी 1-1 गोल किए। लुइस एनरिके की टीम ने पूरे मैच में एकतरफा दबदबा दिखाया और शुरुआत से ही आक्रामक खेल अपनाया।



फाइनल में PSG का सामना चेल्सी से अब PSG 13 जुलाई को फाइनल में इंग्लिश क्लब चेल्सी से भिड़ेगी, जिसने पहले सेमीफाइनल में ब्राजीलियन क्लब फ्लुमिनेंस को 2-0 से हराया। यह मुकाबला न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेला जाएगा। PSG इससे पहले लीग 1, कप डे फ्रांस और UEFA चैंपियंस लीग जीत चुकी है, और अब क्लब वर्ल्ड कप खिताब जीतकर सीजन को यादगार बनाने के इरादे से उतरेगी।

PSG ट्रेबल जीतने वाली पहली फ्रेंच टीम PSG ने इस सीजन चैंपियंस लीग खिताब के साथ ट्रेबल भी जीता था। टीम ने इस सीजन चैंपियंस लीग के अलावा लीग 1 और फ्रेंच कप जीता है। जो टीमें एक सीजन में अपनी लीग, कप और चैंपियंस लीग मिलाकर तीन मेजर ट्रॉफी जीतती हैं उससे ट्रेबल कहते हैं। FIFA क्लब वर्ल्ड कप की शुरुआत 2000 में हुई FIFA क्लब वर्ल्ड कप एक इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट है, जिसे FIFA आयोजित करता है। इसमें दुनियाभर की बड़ी क्लब फुटबॉल टीमें हिस्सा लेती हैं। यह हर साल आयोजित होता है। इसका उद्देश्य यह तय करना होता है कि दुनिया की सबसे बेहतरीन क्लब टीम कौन सी है। FIFA क्लब वर्ल्ड कप की शुरुआत 2000 में हुई थी।

# फीफा रैंकिंग में भारतीय फुटबॉल टीम 6 स्थान फिसली, 133वें स्थान में पहुंची

**– 9 सालों में सबसे खराब रैंकिंग –**

भारतीय मेंस फुटबॉल टीम को इंटरनेशनल फेडरेशन फुटबॉल एसोसिएशन (FIFA) की रैंकिंग में 6 स्थान का नुकसान हुआ है। टीम अब 133वें स्थान पर पहुंच गई है, जो पिछले 9 सालों में सबसे खराब रैंकिंग है। जून में मिली दो हार ने किया नुकसान भारत को 4 जून को थाईलैंड के खिलाफ इंटरनेशनल फ्रेंडली में 0-2 से हार मिली थी। इसके बाद एशियन कप क्वालिफायर में लोअर रैंक टीम हांगकांग ने भारत को 1-0 से हरा दिया। इन खराब प्रदर्शन के चलते कोच मैनोलो मार्केज ने AIFF (अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ) से नाराज चल रहे हैं। उन्होंने एक हफ्ते पहले ही टीम के कोच पद से इस्तीफा दे दिया। 2016 के बाद सबसे खराब रैंकिंग इससे पहले भारत की सबसे खराब रैंकिंग दिसंबर 2016 में 135 थी। भारत की अब तक की सर्वश्रेष्ठ फीफा रैंकिंग 94 रही है, जो फरवरी 1996 में मिली थी।



एशिया में 24वां स्थान भारत के अब 1113.22 अंक हैं, जो पहले 1132.03 थे। एशिया के 46 देशों में भारत 24वें स्थान पर है। एशियाई देशों में जापान (17वां स्थान) टॉप पर है। एशियन कप 2027 क्वालिफाई करना मुश्किल हांगकांग से हार के बाद भारत की 2027 एशियन कप में क्वालिफाई करने की उम्मीदों को झटका लगा है। कोच मार्केज के अंडर टीम ने आखिरी 8 में सिर्फ 1 मैच मार्च में मालदीव के खिलाफ जीता।

# भारतीय विमेंस टीम पहली बार इंग्लैंड में टी-20 सीरीज जीती: चौथा मुकाबला 6 विकेट से जीता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय विमेंस क्रिकेट टीम ने इतिहास रचते हुए पहली बार इंग्लैंड की सरजमीं पर टी-20 सीरीज जीत ली है। टीम ने चौथे टी-20 मुकाबले में इंग्लैंड विमेंस टीम को 6 विकेट से हरा दिया है। टीम पांच मैचों की सीरीज में 3-1 से आगे है। 15 रन देकर 2 विकेट लेने वाली राधा यादव को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं, दीप्ति शर्मा ने विमेंस इंटरनेशनल क्रिकेट में 300 विकेट पूरे कर लिए हैं। पांचवां और आखिरी टी-20 12 जुलाई को एजबेस्टन में खेला जाएगा। उसके बाद तीन मैचों की ODI सीरीज खेली जाएगी।



स्मृति मंधाना ने सबसे ज्यादा 32 रन बनाए इंग्लैंड ने बुधवार को खेले गए मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 126 बनाए। सोफिया डंकली ने सबसे ज्यादा 22 रन की पारी खेली। भारत के लिए राधा यादव और श्री चारणी ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में स्मृति मंधाना (32) और शेफाली वर्मा (31) की पारियों के दम पर भारतीय टीम ने 17 ओवर में 4 विकेट खोकर जीत दर्ज कर ली।

दीप्ति ने पूरे किए 300 इंटरनेशनल विकेट दीप्ति शर्मा ने विमेंस इंटरनेशनल क्रिकेट में 300 विकेट पूरे कर लिए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टी-20 मुकाबले में उन्होंने 1 विकेट लेकर यह उपलब्धि हासिल की। साथ ही दीप्ति अब विमेंस टी-20 इंटरनेशनल में दूसरी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गई हैं। उन्होंने 128 मैचों में 145 विकेट अपने नाम किए हैं। दीप्ति से आगे सिर्फ ऑस्ट्रेलिया की मेगन शट्ट हैं, जिनके नाम 151 विकेट हैं।

भारत सीरीज में 3-1 से आगे भारत ने पहला मुकाबला 97 रन से जीता था। यह इंग्लैंड के खिलाफ विमेंस टीम की टी-20 में अब तक की सबसे बड़ी जीत थी। दूसरे मैच में इंग्लैंड को 24 रन से हार झेलनी पड़ी। इंग्लैंड ने तीसरा मुकाबला 5 रन से जीता था।

## व्यापार

# टीसीएस शेयरधारकों को हर शेयर पर 11 रूपए डिविडेंड देगी

## वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में कंपनी को 12,760 करोड़ रूपए का मुनाफा, कमाई 2.4% बढ़ी

**मुंबई, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) को वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में 12,760 करोड़ रुपए का मुनाफा (कॉन्सोलिडेटेड नेट प्रॉफिट) हुआ है। सालाना आधार पर इसमें 5.98% की बढ़ोतरी हुई है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 12,040 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था।

अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी ने संचालन से 63,437 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया। सालाना आधार पर यह 1.31% कम है। अप्रैल-जून 2024 में कंपनी ने 62,613 करोड़ का रेवेन्यू जनरेट किया था। वस्तुओं और सेवाओं के बेचने से मिलने वाली राशि को राजस्व या रेवेन्यू कहा जाता है। इसमें टैक्स शामिल नहीं होता है। कंपनी ने 10 जून को अप्रैल-जून तिमाही के नतीजे जारी किए।




**11 रुपए प्रति शेयर लाभांश देगी TCS**
कंपनी ने अपने शेयरधारकों को प्रति शेयर पर 11 रुपए का लाभांश यानी डिविडेंड देने का ऐलान किया है। कंपनियां अपने मुनाफे का कुछ हिस्सा शेयर होल्डर्स को भी देती हैं, इसे ही लाभांश कहा जाता है।

**कंपनी में नौकरी छोड़ने वाले बढ़े**
नतीजों में TCS ने बताया है कि अप्रैल-जून तिमाही के दौरान कंपनी में एट्रिशन रेट 0.5% बढ़कर 13.8% हो गया है। पिछले साल यह 13.3% था। एट्रिशन रेट वो परसेंटेज है जो बताता है कि कितने लोग कंपनी छोड़कर जा रहे हैं। नौकरी छोड़ने के मामले में भले ही बढ़ोतरी हुई हो लेकिन इस दौरान कंपनी ने 5000 नई नौकरियां भी दी हैं। पिछली तिमाही में TCS में 607,979 कर्मचारी थे जो अब 613,069 हो गए हैं।

## 'एक्स' की सीईओ लिंडा याकारिनो ने पद से इस्तीफा दिया

अमेरिकी अरबपति एलन मस्क की अगुवाई वाले सोशल मीडिया मंच 'एक्स' की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) लिंडा याकारिनो ने अपने पद से हटने की बुधवार को घोषणा की। याकारिनो ने 'एक्स' पर अपनी एक पोस्ट में सीईओ पद से हटने की जानकारी दी। वह दो साल तक इस पद पर रही हैं। उन्होंने कहा, ''अभी सबसे अच्छा आना बाकी है क्योंकि एक्स, चैटबॉट ग्रोक बनाने वाली कृत्रिम मेधा कंपनी एक्सएआई के साथ एक नया अध्याय शुरू कर रही है।'' मस्क ने अनुभवी विज्ञापन कार्यकारी याकारिनो को मई, 2023 में इस सोशल मीडिया कंपनी का सीईओ नियुक्त किया था। उन्होंने वर्ष 2022 के अंत में ट्विटर को 44 अरब डॉलर में खरीदा था जिसके बाद इसका नाम बदलकर 'एक्स' कर दिया गया था। मस्क ने उस समय कहा था कि याकारिनो की भूमिका मुख्य रूप से कंपनी के व्यावसायिक संचालन पर केंद्रित होगी, जिससे वह खुद उत्पाद डिजाइन और नईप्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

# रिपोर्ट के अनुसार एनबीएफसी की शिक्षा ऋण वृद्धि चालू वित्त वर्ष में आधी रह जाने का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका में नीतिगत अनिश्चितता और वीजा नियमों में सख्ती के कारण वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के लिए शिक्षा ऋण की वृद्धि घटकर आधी रह जाएगी। क्रिसिल रेटिंग्स ने बुधवार को यह आशंका जताई। क्रिसिल रेटिंग्स ने एक रिपोर्ट में कहा कि शिक्षा ऋण की वृद्धि दर चालू वित्त वर्षमें नरम पड़कर 25 प्रतिशत रह जाने का अनुमान है। पिछले दो वित्त वर्षों में इस खंड की वृद्धि दर लगभग 50 प्रतिशत रही है।

घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की निदेशक मालविका भोटिका ने कहा कि अमेरिका में वीजा आवंटन में कमी और वैकल्पिक व्यावहारिक प्रशिक्षण मानदंडों को समाप्त करने के प्रस्ताव जैसे कारकों ने नए ऋण स्रोतों को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि इसकी वजह से पिछले वित्त वर्ष में अमेरिकी क्षेत्र में कुल ऋण वितरण में 30 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। दूसरे सबसे बड़े बाजार कनाडा से जुड़े ऋण वितरण में भी गिरावट देखी गई है। छात्रों को वीजा देने के सख्त नियमों के तहत वित्तीय प्रावधानों में वृद्धि और परमिट सीमाएं लागू की गई हैं।




इन कारणों से पिछले वित्त वर्ष में कुल शिक्षा ऋण वितरण केवल आठ प्रतिशत बढ़ा, जो वित्त वर्ष 2023-24 के 50 प्रतिशत से काफी कम है। रिपोर्ट के मुताबिक, इन चुनौतियों को देखते हुए एनबीएफसी ने अपनी रणनीति बदली है और ब्रिटेन, जर्मनी, आयरलैंड जैसे वैकल्पिक गंतव्यों पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। इन देशों की हिस्सेदारी कुल ऋण वितरण में बढ़कर 2024-25 में लगभग 50 प्रतिशत हो गई जो एक साल पहले 25 प्रतिशत थी। इन परिस्थितियों में कुल शिक्षा ऋण पोर्टफोलियो में अमेरिका की हिस्सेदारी मार्च, 2024 के 53 प्रतिशत से घटकर मार्च, 2025 तक 50 प्रतिशत रह गई। आगे चलकर इसमें और भी गिरावट आने का अनुमान है। क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा कि घरेलू गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां अब घरेलू छात्र ऋणों और स्कूल फंडिंग, कौशल विकास और कोचिंग के लिए कर्ज जैसे क्षेत्रों पर भी विचार कर रही हैं।

## जापानी प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश में खनिज सहयोग की संभावनाएं तलाशीं

जापानी दूतावास के एक प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा स्थित कंपनी लोहम क्लीनटेक के परिसर का दौरा कर खनिज क्षेत्र में सहयोग की संभावनाएं तलाशी हैं। यह कंपनी भारत की सबसे बड़ी लीथियम-आयन बैटरी रिसाइक्लिंग और क्रिटिकल मैटेरियल प्रोसेसिंग यूनिट का संचालन करती है। कंपनी की तरफ से बुधवार को जारी बयान के मुताबिक, 74-सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को कंपनी परिसर का दौरा किया। इस प्रतिनिधिमंडल में जापान के आर्थिक, व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय, जापान अंतरराष्ट्रीय सहयोग बैंक और वित्त मंत्रालय के अधिकारी शामिल थे।

# अब बिना आधार नहीं मिलेगा कौशल विकास योजना का फायदा, दिव्यांगजनों के लिए सरकार ने बदले नियम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने दिव्यांगजनों के कौशल विकास हेतु राष्ट्रीय कार्य योजना के लाभार्थियों के लिए योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु अपना आधार नंबर देना या आवेदन करने का प्रमाण देना अनिवार्य कर दिया है। साथ ही, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि आधार न होने या प्रमाणीकरण में विफलता के कारण किसी भी पात्र बच्चे को लाभ से वंचित नहीं किया जाएगा। एक राजपत्र अधिसूचना में मंत्रालय ने कहा कि योजना के तहत नकद लाभ प्राप्त करने के लिए आधार प्रमाणीकरण आवश्यक है, जिसमें परिवहन भत्ता, भोजन और आवास, परिवहन और नियुक्ति के बाद सहायता शामिल है।




दिव्यांगजनों के कौशल विकास हेतु राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपी-एसडीपी) दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) द्वारा मार्च 2015 में शुरू की गई एक केंद्रीय योजना है। इसका उद्देश्य दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) के कौशल को निखारने के लिए उच्च-गुणवत्तापूर्ण व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना है, जिससे वे सार्थक रोज़गार प्राप्त कर सकें और आत्मनिर्भर बन सकें। यह योजना व्यापक दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के कार्यान्वयन हेतु योजना (एसआईपीडीए) का एक हिस्सा है।

अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी पात्र व्यक्ति के पास आधार संख्या नहीं है, तो उसे नामांकन के लिए आवेदन करना होगा। बच्चों के लिए, ऐसा आवेदन माता-पिता या कानूनी अभिभावक की सहमति से किया जाना चाहिए। जब तक आधार कार्ड नहीं बन जाता, लाभार्थी जन्म प्रमाण पत्र, स्कूल रिकॉर्ड या कानूनी गोद लेने या संरक्षकता के कागजात सहित निर्दिष्ट वैकल्पिक दस्तावेजों का उपयोग करके अपनी पहचान स्थापित कर सकते हैं।

# एशियन पेंट्स ने एक्जो नोबेल में अपनी पूरी हिस्सेदारी 734 करोड़ रुपये में बेची

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेंट्स क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एशियन पेंट्स ने ड्यूलक्स पेंट बनाने वाली एक्जो नोबेल इंडिया में अपनी पूरी 4.42 प्रतिशत हिस्सेदारी खुले बाजार के लेनदेन के माध्यम से 734 करोड़ रुपये में बेच दी। इस तरह एशियन पेंट्स अब एक्जो नोबेल से पूरी तरह बाहर निकल गई है। एशियन पेंट्स ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसने ÷एक्जो नोबेल इंडिया लिमिटेड में अपने सभी 20,10,626 इक्विटी शेयर बेच दिए हैं, जो उसकी चुकता शेयर पूंजी का 4.42 प्रतिशत है।÷ कंपनी ने बताया कि यह बिक्री थोक सौदा प्रणाली के माध्यम से 3,651 रुपये प्रति शेयर की दर से की गई। पिछले महीने सज्जन जिंदल की जेएसडब्ल्यू पेंट्स ने नीदरलैंड की पेंट विनिर्माता एक्जो नोबेल की भारतीय इकाई का 12,915 करोड़ रुपये के सौदे में अधिग्रहण करने की घोषणा की थी। इसके साथ ही जेएसडब्ल्यू देश में पेंट उद्योग में चौथी सबसे बड़ी कंपनी बन जाएगी। जेएसडब्ल्यू पेंट्स 8,986 करोड़ रुपये में एक्जो नोबेल इंडिया में 74.76 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी और खुले बाजार से 3,929.06 करोड़ रुपये तक में 25 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए खुली पेशकश लाएगी। एनएसई पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, एशियन पेंट्स ने गुरुग्राम स्थित एक्जो नोबेल इंडिया में 20,10,626 शेयर बेचे, जो 4.42 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। शेयरों का निपटान औसतन 3,651 रुपये प्रति शेयर की दर से किया गया, जिससे लेनदेन का मूल्य 734.08 करोड़ रुपये हो गया।

# शिक्षा संबल योजना में आवेदन 15 जुलाई तक, एलन कोटा में नीट-2026 की निशुल्क का अवसर



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

कोटा। एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास एवं एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में संचालित शिक्षा संबल योजना की आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। परीक्षा के परिणामों के आधार पर चयनित विद्यार्थियों को एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की ओर से नीट-2026 के लिए निशुल्क कोचिंग दी जाएगी, इसके साथ ही एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास की ओर से कोटा में निशुल्क भोजन व आवास व्यवस्था की जाएगी। न्यास के ट्रस्टी डॉ.नवीन माहेश्वरी ने बताया कि पात्र विद्यार्थी 15 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। देशभर से विद्यार्थियों के उत्साह को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है, जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल होने का अवसर मिल सके। परीक्षा 20 जुलाई को होगी। देश के 7 हिन्दी भाषी राज्यों के सरकारी स्कूलों के हिन्दी माध्यम के चयनित विद्यार्थियों को नीट-2026 की तैयारी के लिए निशुल्क शिक्षा, आवास और भोजन सुविधा के लिए यह योजना का दूसरे वर्ष है। परीक्षा में सत्र 2024-25 में जीव विज्ञान विषय से 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे। परीक्षा 20 जुलाई को देश के 7 राज्यों में 63 परीक्षा केन्द्रों पर होगी। योजना में 12वीं पास 126 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। 81 छात्राएं एवं 45 छात्रों का चयन किया जाएगा। चयन के लिए उन्हीं परिवारों के विद्यार्थी पात्र होंगे जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय 3 लाख से कम है।

# जहां चरण हो प्रज्ञासागर के वहां मेरा ठिकाना हो, भक्ति, समर्पण और संस्कार का पर्वः प्रज्ञालोक में गुरुपूर्णिमा महोत्सव

## महाराज श्री ने पिच्छी परिवर्तन कर गुरुपूर्णिमा को बनाया ऐतिहासिक



कोटा। गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रज्ञालोक,महावीर नगर प्रथम साधना केंद्र में श्रद्धा, भक्ति और समर्पण का दृश्य देखने को मिला। भक्तों ने दोनों हाथ जोड़कर उन्हें श्रीफल का रूप दिया और जीवनभर की आस्था का अर्घ्य चढ़ाकर तपोभूमि प्रणेता, पर्यावरण संरक्षक आचार्य श्री 108 प्रज्ञासागर मुनिराज का पूजन किया। मंच से गूंजते भावपूर्ण भजनों– ÷गुरुवर तुमने जिंदगी में आकर जिंदगी बदल दी÷, ÷हर जन्म में तेरा साथ चाहिए,चरण हो प्रज्ञासागर के वहां मेरा ठिकाना हो÷ जैसे गीतों पर श्रावक भाव विभोर होकर झूमते दिखे। इस अवसर पर जल, चंदन आदि अष्ट द्रव्यों से पूजन करते हुए पिच्छिका भेंट कर श्रद्धालुओं ने आरती की। गुरुपूर्णिमा पर गुरुदेव ने गुरुपूर्णिमा पर अपनी पिच्छी परिवर्तन की परंपरा निभाई।नवीन पिच्छी मोहनलाल, कैलाश, यतीश जैन (खेड़ावाला परिवार) द्वारा भेंट की गई।

प्रचार सचिव योगेश सिंघम ने बताया कि तपोभूमि प्रणेता एवं पर्यावरण संरक्षक आचार्य 108 श्री प्रज्ञासागर जी मुनिराज ने भगवान महावीर स्वामी और गौतम स्वामी के पावन गुरु-शिष्य संबंध की प्रेरक कथा सुनाते हुए श्रमण संस्कृति के प्रचारक आचार्य श्री शांतिसागर जी और पुष्पदंतसागर जी के कार्यों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा– ÷गुरुपूर्णिमा, गुरु और शिष्य के हृदय के एक हो जाने का पर्व है। जब दोनों की धड़कनें एक हो जाएं, वहीं सच्चा गुरुपूर्णिमा होता है।

## गुरुभक्तों ने जताया आभार

समारोह में गुरू आस्था परिवार चैयरमेन यतीश जैन ने गुरुदेव को विनयांजलि अर्पित करते हुए कहा, ÷गुरुदेव ने हमारे जीवन से व्यसन और बुराइयों रूपी कांटे हटाकर धर्म और संस्कार का बीज रोपा है। जिस तरह पौधरोपण से भूमि को सुंदर और स्वच्छ किया जाता है, वैसे ही उन्होंने हमारे अंतःकरण को निर्मल किया है।÷उन्होंने बताया कि गुरुदेव का संकल्प है एक करोड़ पौधे लगाकर पृथ्वी को हरा-भरा बनाना। इस संकल्प की पूर्ति हेतु हजारों गुरुभक्त सहभागी बन रहे हैं। चैयरमेन यतीश खेडावाला ने लोगो को कई संकल्प भी दिलाए।

# जेसीआई कोटा स्टार का मिशन दूर दृष्टिः 140 स्कूली बच्चों की निशुल्क आंखें जांची, 42 को चढ़ेगा चश्मा



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

कोटा। जेसीआई कोटा स्टार द्वारा ऑपरेशन दृष्टि के अंतर्गत राजकीय माध्यमिक विद्यालय, आवासन मंडल, कोटा में 140 बच्चों की आंखों की निशुल्क जांच की गई। क्लब अध्यक्ष तनुज खण्डेलवाल व चेयरपर्सन ऋतु खण्डेलवाल ने बताया कि %ऑपरेशन दृष्टि% का मुख्य उद्देश्य बच्चों में आंखों की देखभाल के प्रति जागरूकता फैलाना है।सोशल मीडिया और ऑनलाइन क्लासेज के कारण बच्चों की आँखों पर बहुत असर होता है, इस तरह से सरकारी स्कूलों में बच्चों के लिए निशुल्क नेत्र जाँच शिविर लगाए जाएंगे। पूर्व अध्यक्ष संजय गोयल ने बताया कि अभियान के तहत् 140 बच्चों की आंखों की जांच की गई। जिसमें से 42 बच्चों को चश्मे लगेंगा। आंखों की जांच ऑर्थोपेडिक प्रशांत तेहल्यानी ने की। सचिव राजकुमार मित्तल ने बताया कि इस अवसर पर कार्यक्रम निदेशक श्याम सोनी, नगीना सोनी, आशीष गंगवाल, पूनम सोनी, गौरव सोनी, सुनीता गोयल, योगेंद्र सोनी, रवि खण्डेलवाल, अंशुल जैन तथा स्काउट गाइड के मण्डल अध्यक्ष प्रकाश जयसवाल और शिक्षकों द्वारा क्लब का आभार व्यक्त किया गया।

# प्रिंस के दक्ष जांगिड़ का एनडीए 155 एसएसबी में चयन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

सीकर । स्थित प्रिंस एनडीए एकेडमी एवं प्रिंस सैनिक स्कूल के दक्ष जांगिड़ का एनडीए 155 एसएसबी में चयन हुआ है। इस चयन के माध्यम से दक्ष को सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्ति मिलेगी। कुचामन सिटी निवासी दक्ष के पिता सुरेंद्र जांगिड़ व्यवसायी हैं एवं माता ममता जांगिड़ वाइस प्रिंसिपल हैं। दक्ष के दादाजी आर्मी में सैनिक रह चुके हैं एवं उन्होंने दक्ष को सेना में कॅरियर बनाने हेतु प्रेरित किया। गौरतलब है कि प्रिंस एनडीए एकेडमी एवं प्रिंस सैनिक स्कूल में कक्षा 6 से 12वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को एनडीए यूपीएससी, एसएसबी एवं यूपीएससी सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन के पैटर्न पर स्कूलिंग के साथ-साथ तैयारी करवाई जा रही है। प्रिंस एजुहब में एनडीए, टीईएस, सीडीएस एवं अन्य एसएसबी की तैयारी के लिए ब्रिगेडियर एवं कर्नल रैंक के 11 एसएसबी एक्सपर्ट ऑफिसर्स सेवाएं दे रहे हैं।

# गायत्री शक्तिपीठ कांवट गुरु पूर्णिमा पर पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ आयोजित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



कांवट। गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर शक्तिपीठ कांवट में गायत्री महायज्ञ कर परिवाचक के सानिध्य में यज्ञ में आहुतियां दी गई। गुरु शिष्य के पवित्र बंधन पर पूजा अर्चना कर माता गायत्री व पूज्य गुरुदेव से श्रृद्धालुओं ने मंत्रोच्चारण के बाद आशीर्वचन लिया। मंदिर व गुरुद्वारे पर आशीष लेने वाले लोगों का तांता लगा रहा।

# एक पेड़ माँ के नाम' प्रकृति और मातृत्व को समर्पित एक संकल्प : डॉ एल एन शर्मा

## भाजपा कार्यकर्ताओ ने रोपे 20 पौधे



कोटा। महावीर नगर प्रथम स्थित एम बी स्कूल के प्रांगण में भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला की प्रेरणा से ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ कार्यक्रम के तहत क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर पौधारोपण किया। चेयरमैन दिनेश विजय ने बताया कि इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ एल एन शर्मा, योगेश जैन सिंघम, प्रचार मंत्री लाल जैन मंदिर, शैलेंद्र जैन महामंत्री व अनिल विजय व्यवस्थापक आदि मौजूद रहे । ने 20 पौधे लगाए गए व उनको बड़ा करने की ज़िम्मेदारी सौंपी गई । इस अवसर पर दिनेश विजय ने कहा यह केवल वृक्षारोपण नहीं, बल्कि हमारी माँ के प्रति सम्मान और आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली भरा, स्वच्छ और स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने का संकल्प है। डॉ एल एन शर्मा ने कहा कि हर व्यक्ति को ÷पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली÷ के संदेश को अपनाना चाहिए, इस अभियान से जुड़कर अपने वार्ड, मोहल्ले, गाँव और शहर को हरा-भरा बनाने में भागीदार बनना चाहिए ।

# फर्जी आईडी से महिलाओं को ब्लैकमेल करने वाला युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे लड़की बनकर करता था दोस्ती

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

लोसल । सोशल मीडिया एप पर लड़की के नाम से आईडी बनाकर दोस्ती करने के बाद ब्लैकमेल करने की मामले मे लोसल पुलिस ने शमीम तोफिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के मोबाइल में करीब एक दर्जन से ज्यादा संदिग्ध चैट्स मिली है। लोसल पुलिस थाना अधिकारी सरदारमल ने बताया कि 9 जुलाई को पुलिस थाना में एक लड़की ने शिकायत की थी कि एक लड़का उसे दो साल से परेशान कर रहा है। पुलिस को लड़की ने बताया कि वह हेलो यू ऐप चलाती थी। जहां लड़की की आईडी से लड़के ने दोस्ती की और फिर नंबर ले लिया। नंबर लेने के बाद आरोपी ने उसके मोबाइल को हैक करके फोटोज निकाल लिए। इसके बाद रोहन नाम के लड़के की आईडी से मेसेज करके कहा कि जिससे तुम लड़की समझकर बात करती थी वह में था। आरोपी ने दबाव बनाया की दोस्ती कर नहीं तो तेरे घर पर फोन करके बोल दूंगा कि तू हेलो यू एप चलाती है और लड़कों को बॉयफ्रेंड बनाती है। आरोपी कहने लगा की वीडियो कॉल कर नहीं तो तेरे घर पर कॉल करके सब कुछ बता दूंगा। लड़की ने मना कर दिया तो आरोपी युवक ने उसके पति के पास भी कॉल किया। आरोपी ने लड़की से पैसों की मांग की नहीं देने पर सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने की धमकी दी। पुलिस ने इन्वेस्टिगेशन करने के बाद टेक्निकल सोर्सेज के जरिए आरोपी शमीम पुत्र मोहम्मद तौफीक निवासी लोसल को गिरफ्तार कर लिया । आरोपी के पास से करीब एक दर्जन युवतियां एवं महिलाओं के संदिग्ध चैट्स मिले हैं। आरोपी से अब तक इन्वेस्टिगेशन मैं सामने आया कि आरोपी युवक हैलो यू इंस्टाग्राम सहित अन्य सौशल मीडिया एप पर महिलाओं युवतियों से दोस्ती करता इसके बाद फोटो वायरल करने चैट्स और वीडियो कॉल रिकॉर्ड करके ब्लैकमेल कर रुपए ऐंठता है।

# श्रीराम कथा के समापन पर गुरु दीक्षा व भण्डारे का हुआ आयोजन

## सियाराम बाबा की बगीची में श्रीमहंत श्यामसुंदरदास महाराज ने गुरु पूर्णिमा पर सैकड़ों लोगों को दी गुरु दीक्षा

सुजानगढ़। रेलवे स्टेशन के सामने स्थित सियाराम बाबा की बगीची में 1 से 9 जुलाई तक चली श्रीराम कथा के समापन पर गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु दीक्षा व भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बगीची के श्रीमहंत श्यामसुंदरदास त्यागी महाराज ने 123 लोगों को गुरु दीक्षा दी। साथ ही भंडारे का आयोजन किया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गुरु पूर्णिमा महोत्सव में बोलते हुए श्यामसुंदर दास महाराज ने कहा कि पौराणिक मान्यता है कि इसी दिन महर्षि वेद व्यास का जन्म हुआ था। जिन्होंने वेदों के माध्यम से मानवता को ज्ञान का मार्ग दिखाया। उनके सम्मान में ही इस दिन को गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाने की परंपरा है। कार्यक्रम की व्यवस्थाएं जयपाल सिंह राठौड़, नरेंद्र भाटी, महेंद्र टाक, दामोदर शर्मा, मनीष स्वामी, गोलू स्वामी,दिनेश स्वामी, नत्थुनाथ सिद्ध, जयप्रकाश मोदी, श्रवण सुरोलिया, प्रेम माली, सोनू वेदी, रामकिशोर सैनी, ताराचंद मेघवाल, नानूलाल दर्जी, राजेश प्रजापत ने संभाली।

# चांदी की पालकी में नगर भ्रमण को निकले साईं बाबा, दर्शन को उमड़े श्रद्धालु



## जयघोष से गूंजा आसमान, 25 ढोल के प्रदर्शन ने किया मंत्रमुग्ध

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

कोटा। साईं बाबा के गगन भेदी जयकारे, पारम्परिक परिवेश में पुरुष व महिलाएं, आकर्षक झांकिया, साईं बाबा के दर्शनों के लिए आतुर भक्त और जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत का सिलसिला चलता रहा, ये नजारा गुरू पूर्णिमा महोत्सव के तहत हर वर्ष की भांती इस बार भी गढ पैलेस स्थित साईं मंदिर से निकाली गई भव्य शोभायात्रा में देखने को मिला।

मंदिर समिति के साईं भक्त शिशु पंचोली, चंद्रप्रकाश जेठी ने बताया कि सुबह लोकसभा अध्यक्ष मंदिर प्रांगण में पहुंचे जहां उनका मंदिर समिति की ओर से स्वागत किया गया। लोकसभा अध्यक्ष ने साईं बाबा का तिलक, अक्षत, चंदन लगाकर पूजन किया और सभी को गुरू पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी। दोपहर को चांदी की पालकी में जैसे ही बाबा को विराजमान किया भक्तों ने जोशीले उद्घोष से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। साईं बाबा चांदी की पालकी में विराजमान होकर नगर भ्रमण को निकलें तो लोगों का हुजूम उमड़ गया। शोभायात्रा में झाकियां, ढोल, बैंड आकर्षण का केंद्र रहे। जीवंत झांकियों ने लोगों को बेहद ही प्रभावित किया। साईं बाबा के जीवन के विभिन्न प्रसंगों को दशार्ती चार झांकियां लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र रही, ये झांकियां साईं बाबा के चमत्कारों, शिक्षाओं और उनके द्वारा स्थापित मूल्यों को प्रदर्शित कर रही थी।

## मंदसौर के ढोलों की गूंज से गूंज उठा आसमान

पंचौली ने बताया कि इस बार मंदसौर के 25 विशेष ढोल की गूंज से आसमान गुंजाएमान हो गया। एक साथ बजते ढोल के प्रदर्शन ने लोगों को रोमांचित कर दिया। भजन मंडली भजन करती चल रही थी तो भक्त नाचते गाते साथ चल रहे थे, जहां से भी साईं बाबा की पालकी निकली वहां बाबा के दर्शन करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ गई। किसी ने प्रसाद चढाया तो किसी ने ऋतु फल चढाए। शोभायात्रा साईं मंदिर से कैथूनीपोल, श्रीपुरा, सब्जीमंडी, मोहन टॉकीज रोड, गुजराती समाज, गुमानपुरा, मल्टीपरपज स्कूल, फर्नीचर मार्केट, बल्लभ नगर चौराहा, संत कंवरराम धर्मशाला, सूरजपोल गेट, राजपूत छात्रावास, कैथूनीपोल होते हुए निकाली गई। रात्रि को जैसे ही शोभायात्रा मंदिर परिसर में पहुंची वहां महाआरती की गई और लोगों को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर राखी गौतम सहित कई जनप्रतिनिधि व आमजन ने शिरकत की।

# जीवन की पूर्णता गुरूकृपा से ही होती है - अवधेशाचार्य महाराज

## रामधाम में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई गुरूपूर्णिमा




कोटा। गुरू ज्ञान के सागर हैं, वे सफलता का मार्ग प्रशस्त करते हैं, इसीलिए गुरूजनों का स्थान हमेशा से ही सर्वोपरि माना गया है। उक्त उद्गार रामधाम आश्रम सेवा आश्रम ट्रस्ट के संरक्षक एवं बड़ा भक्तमाल अयोध्याजी के पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य महाराज के जो रामधाम में आयोजित गुरूपूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को अपने आर्शीवचन में व्यक्त किये। राम धाम के मुख्य पुजारी लक्ष्मण दास महाराज ने बताया कि इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर महाराज से आशीर्वाद लिया। इस पावन अवसर पर सभी भक्तों और शिष्यों ने वेद पार्टी बालकों ने गुरु जनों का पूजन किया और उनका सम्मान किया।

# तेरापंथ का मनाया 266वां स्थापना दिवस

सुजानगढ़। साध्वी सुप्रभा जी ठाणा 5 के सानिध्य में 266वां तेरापंथ स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नमस्कार महामंत्र से किया गया।साध्वी श्री मुकुल यशा जी एवं साध्वी श्री पल्लव प्रभा जी द्वारा मंगलाचरण किया गया। महिला मंडल की बहनों द्वारा सामूहिक गीतिका का संगान किया गया। उपासिका श्रीमती शोभा देवी सेठिया एवं श्रीमती सरोज देवी वेद ने अपने विचारों की अभिव्यक्ति दी। साध्वी मुकुल यशा जी ने गीतिका के माध्यम से अपने भावों को व्यक्त किया।

# पक्षपाती निगम प्रशासन के विरोध में कांग्रेस पार्षदों का अनोखा प्रदर्शन, 'भिक्षा यज्ञ', में जनता से जुटाया चंदा



कोटा। नगर निगम कोटा दक्षिण के कांग्रेस पार्षदों ने उपमहापौर पवन मीणा के नेतृत्व में आज निगम प्रशासन की पक्षपाती नीतियों के खिलाफ एक अनोखा और सांकेतिक विरोध किया। गुमानपुरा स्थित इंदिरा गांधी प्रतिमा से 'भिक्षा यज्ञ' की शुरुआत हुई, जिसमें पार्षदों ने हाथों में दान पात्र लेकर बाज़ार के दुकानदारों से संपर्क किया, उनकी समस्याएं बताईं और बताया कि किस प्रकार बीजेपी शासित नगर निगम कांग्रेस पार्षदों के क्षेत्रों में विकास कार्यों को रोककर राजनीतिक द्वेष दिखा रहा है। इस आंदोलन में पार्षद सोनू अब्बासी के संचालन में पूरा दल वार्ड भ्रमण पर निकला। दुकानों से चंदा एकत्र कर 1865/- की राशि संग्रहित की गई, जिसे 11 जुलाई को नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में जमा कराया जाएगा। हमारा यह आंदोलन उस विकास का प्रतीक है जो जनता का अधिकार है। जब निगम और सत्ता पक्ष आंखें मूंद ले, तब हमें जनता की आवाज़ बनना पड़ता है। सलिना शेरी, शालिनी गौतम, कपिल शर्मा, अनुराग गौतम, सुमन पेसवानी, पिंकी प्रजापति, मोनिका विजय, नवीन यादव के साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं में प्रमोद त्रिपाठी, अशोक गुर्जर, दिनेश गुप्ता, चेतन यादव, शिवप्रकाश नागर ने भी भागीदारी दी।

# निजी स्कूल बस टक्कर से पिता-पुत्र की मौत का मामला, लक्ष्मणगढ़ बंद के बाद धरना प्रदर्शन समाप्त



लक्ष्मणगढ़ । खोरूं की भर के पास बुधवार सुबह एम के मेमोरियल स्कूल की बस की टक्कर से बाइक सवार पिता पुत्र की मौत के बाद पीड़ित पक्ष ने सरकारी जिला अस्पताल के बाहर गुरुवार को आक्रोश जताते हुए धरना दूसरे दिन भी जारी रखा। पीड़ित पक्ष ने बुधवार को धरना स्थल पर देर रात को लक्ष्मणगढ़ बंद का निर्णय लिया तथा गुरूवार सुबह युवाओं ने बाजारों में घुमकर बाजार बंद रखने की अपील दुकानदारों से की जिस पर गुरुवार को लक्ष्मणगढ़ शांतिपूर्ण तरीके से बंद रहा और बाद में युवा सरकारी जिला अस्पताल पहुंचकर धरने पर पहुंच कर धरने में शामिल हुए जहां जनप्रतिनिधि भी धरना स्थल पर पहुंचे। दोनों पक्षों में समझौते में सहमति नहीं बनने पर समाचार लिखे जाने तक धरना जारी रहा। धरने पर बैठे पीड़ित पक्ष दोषी स्कूल बस चालक, स्कूल प्रशासन के खिलाफ सख्त कार्रवाई व मुआवजे की मांग रहे,भाजपा नेता दिनेश जोशी धरना स्थल पर प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्थान के निदेशक ने वार्ता के दौरान जो व्यवहार किया है वह अशोभनीय है,उन्होंने कि संस्थान पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कारवाई की जाएगी। दिग्गज भाजपा नेता दिनेश जोशी की बात पर धरनास्थल पर मौजूद सभी लोगों ने अपनी सहमति जताई और बुधवार सुबह से जारी धरना- प्रदर्शन समाप्त किया गया।

# एचपीसीएल, एमडीपीएल पिंडवाड़ा ने मनाया स्वच्छता पखवाड़ा, विद्यार्थियों को किया जागरूक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

पिंडवाड़ा। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सदलवा में हुआ कार्यक्रम वृक्षारोपण और ड्राइंग प्रतियोगिता रही आकर्षण का केंद्र सदलवा (पिंडवाड़ा), स्वच्छता पखवाड़ा (1 से 15 जुलाई) के अंतर्गत हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के एमडीपीएल पिंडवाड़ा यूनिट द्वारा गुरुवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ग्राम सदलवा में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता, वृक्षारोपण, तथा हाउसकीपिंग सामग्री (डस्टबिन व झाड़ू) वितरण जैसे रचनात्मक और प्रेरक आयोजन किए गए। ड्राइंग प्रतियोगिता में बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और प्रकृति संरक्षण जैसे विषयों पर सुंदर चित्र बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट चित्रांकन करने वाले बच्चों को सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर एचपीसीएल के अधिकारियों ने विद्यार्थियों और ग्रामीण समुदाय को सिंगल यूज़ प्लास्टिक के नुकसान, व्यक्तिगत व सामुदायिक स्वच्छता,



तथा पाइपलाइन सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और सजगता को जीवनशैली में शामिल करने का संदेश भी दिया। वरिष्ठ प्रबंधक प्रणव पटवर्धन की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिवलाल, शिक्षकगण तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे। वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण-संरक्षण का संदेश दिया गया ।

# जब तक गुरु की सेवा में रहोगे, बढ़ते रहोगेः घनश्यामाचार्य महाराज

## अज्ञानता के अंधकार से उजाले में ले जाने वाले ही गुरु

## राधाकृष्ण मंदिर तलवंडी में श्री झालरिया मठ का गुरुपूर्णिमा महोत्सव एवं भजन सत्संग

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



कोटा. राजस्थान में डीडवाना स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ श्री झालरिया मठ का दिव्य गुरुपूर्णिमा महोत्सव प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी जगद्गुरु श्री रामानुजाचार्य श्री श्री 1008 स्वामीजी श्री घनश्यामाचार्य जी महाराज के पावन कृपाशीर्वाद से तलवंडी स्थित श्रीराधाकृष्ण मन्दिर में गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। श्री झालरिया पीठ, डीडवाना के स्थानीय हजारों भक्तों द्वारा सामूहिक रूप से यह महोत्सव भजन संध्या की संगति मे भगवान श्री राधाकृष्ण की सन्निधि में प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम सभी भक्तों द्वारा पूर्वाचार्यों एवं गुरु महाराज के चित्रपट का पूजन किया गया। श्री झालरिया सेवा मण्डल, कोटा एवं श्री राधाकृष्ण मन्दिर समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित गूरुपूर्णिमा महोत्सव में भगवान श्री राधाकृष्ण का नयानाभिराम श्रृंगार व मंदिर परिसर को फूलों से सुसज्जित किया गया। इस दौरान एलन मानधना परिवार से मातुश्री कृष्णादेवी मानधना, एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के निदेशक राजेश माहेश्वरी, नवीन माहेश्वरी एवं डॉ. बृजेश माहेश्वरी सहित अन्य झालरिया पीठ के भक्तों ने भजनों के माध्यम से गुरु महिमा का बखान किया।

## आपको गुरू ही सद्मार्ग दिखा सकता है

झालरिया पीठाधिपति श्री घनश्यामाचार्य जी महाराज ने कोलकाता से फोन के माध्यम से कोटा में भक्तों को आशीवर्चन दिया। उन्होने कहा कि पहली गुरू मां है। हमारे अंदर शक्ति, सहनशीलता के जो संस्कार हैं, वो सब मां की देन है। आषाढ़ की ही पूर्णिमा को गुरूपूर्णिमा क्यों मनाई जाती हैए क्योंकि यह दिवस वेदव्यास जी का प्राकट्य दिवस है, जो जगतगुरू हैं। दिव्य शक्ति संपन्न गुरू व्यास ने वेदों का पाठ किया, पुराणों को रचाए धर्म का मार्ग बताया। महाराज ने कहा कि गुरू कौन होता है, ये समझने की जरूरत है। दो अक्षर गु व रू मिलकर गुरू बना। गु का अर्थ है अंधकार और रू से तात्पर्य होता है दूर करने वाला। जो हमारा अंधकार दूर करे। अज्ञानता, अभिमान के अंधकार से हमें उजाले की ओर ले जाए, वही गुरू है। हम मोह में उलझे हैं, माया में बंधे हैं, ऐसे में गुरू ही सद्मार्ग दिखा सकता है। सबकुछ अनुकूल होने के बाद हमें परमगुरू भगवान को नहीं भूलना चाहिए। क्योंकि यह कृपा भगवान की दी हुई है। प्रवचन सुने और ग्रहण करते हुए सुधार लाना चाहिए। सेवा की ओर बढ़ना चाहिए। अहंकार को छोड़िए, गुरू की शरणागत हो जाइए।

## विद्या भारती ने गुरुजनों का चरण वंदन कर मनाया गुरु पूर्णिमा उत्सव



### गुरु समाज व राष्ट्र का सच्चा मार्गदर्शन - विधायक बैरवा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बारां** । विद्या भारती द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद माध्यमिक विद्यालय में भारतीय परंपरा पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुजनों एवं दीदियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीनदयाल नागर एवं सचिव मनीष अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शुभ अवसर पर विधायक राधेश्याम बेरवा जिला संचालक राधेश्याम जी गर्ग एवं विद्यालय समिति के अध्यक्ष हितेश बत्रा जिला कार्यकारिणी सदस्य सरोज दीक्षित की गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्या भारती की प्रेरणादाई वंदना ने कार्यक्रम को और भी आध्यात्मिक एवं अनुशासित स्वरूप प्रदान किया। इस अवसर पर विधायक राधेश्याम बेरवा ने कहा कि गुरु का स्थान सदा सर्वोपरि होता है, वही सच्चे मार्गदर्शक होते हैं ।

## स्व. गीता देवी की स्मृति में गौवंश को गुड नमक और हरा चारा खिलाकर मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बारां** । गुरु पूर्णिमा के पर्व पर शहर के कोटा रोड पर श्री कृष्ण गौशाला तथा डोल मेला परिसर स्थित दुर्गा- भूतेश्वर मंदिर के बाहर गौवंश को स्वर्गीय गीता देवी दुसाद स्मृति संस्थान की ओर से . 20 किलो गुड़ 25 किलो नमक और काफी मात्रा में हरा चारा खिलाया । गीता देवी दुसाद स्मृति संस्थान के अध्यक्ष ललित मोहन खंडेलवाल ने बताया कि पूर्णिमा के अवसर पर मासिक स्मृति में गुरुवार को प्रातः डोल मेला मैदान स्थित बड़ी संख्या में गोवंश सट्टा कोटा रोड स्थित



नगर परिषद द्वारा संचालित श्री कृष्ण गौशाला में गोवंश के लिए 20 किलो गुड 25 किलो सांभर का नमक तथा बड़ी मात्रा में हरा चारा उपलब्ध करा कर गुरु पूर्णिमा पर मनाया ।

## वरिष्ठ अभियंताओं की समिति आज करेगी बूंदी सर्किल का दौरा



### जिले में कृषि उपभोक्ताओं को दिन के समय दो ब्लॉक मे सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए ऊर्जा मंत्री की पहल

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर** । ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने बूंदी जिले में किसानों को दिन के समय दो ब्लॉक बिजली सप्लाई में आ रही बाधाओं के निराकरण के लिए पहल की है ।

उनके निर्देश पर विद्युत वितरण निगम के वरिष्ठ अभियंताओं की समिति का गठन किया गया है। यह समिति गुरूवार को ही बूंदी सर्किल का दौरा कर वहां दिन के समय कृषि उपभोक्ताओं को दो ब्लॉक में विद्युत आपूर्ति में आ रही तकनीकी बाधाओं का विश्लेषण कर आवश्यक उपाय सुझाएगी। चेयरमैन डिस्कॉम्स एवं जयपुर डिस्कॉम की प्रबंध निदेशक सुश्री आरती डोगरा ने तीन दिन के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं ।

जयपुर विद्युत वितरण निगम के कोटा जोनल मुख्य अभियंता, अति. मुख्य अभियंता (गुणवत्ता नियंत्रण एवं सुरक्षा) जयपुर, अधीक्षण अभियंता (मीटर एंड प्रोटेक्शन), जयपुर तथा अधीक्षण अभियंता (ओएंडएम), कोटा को इसमें सम्मिलित किया गया है। इसके साथ ही प्रसारण निगम के कोटा अधीक्षण अभियंता (टी एंड सी) को प्रसारण तंत्र से संबंधित समन्वय के लिए समिति के साथ मौजूद रहने के निर्देश दिए गए हैं ।

## बालिका विद्यालय छात्राओं को बारिश से बचाव के लिए भेंट किए 46 छाते



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बारां** । सरकारी विद्यालय में शिक्षा अध्ययन करने वाली छात्राओं को बारिश से बचाव के लिए शहर के एक दानदाता द्वारा उपलब्ध कराये 46 छातो को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय तालावपाड़ा की छात्राओ को उपलब्ध कराया गए ।

दुकानदार महासंघ अध्यक्ष ललित मोहन खंडेलवाल ,सर्राफा व्यापारी पवन कुमार बंसल, ओम प्रकाश पोरवाल, राजेंद्र कुमार मंगल, बंटी राजावत, जगदीश खंडेलवाल ने गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर व्यापारी नरेंद्र कुमार बत्रा द्वारा उपलब्ध कराए गए स्कूली बालिकाओं को बारिश से बचाव हेतु उपलब्ध कराए गए 46 छाते राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय पुराना थाना से संबंध राजकीय बालिका विद्यालय तालावपाड़ा की छात्राओं को उपलब्ध कराए गए ।

इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती सुनीता अग्रवाल व सुनीता बेतवा, ममता नागर, कंचन मीणा, कलावती पारीक, महावीर प्रसाद मेघवाल, बुद्धि प्रकाश जोशी और अनिल कुमार शर्मा व अनिल कुमार योगी सहित स्टाफ भी उपलब्ध रहा। गत वर्ष भी नरेंद्र कुमार बत्रा द्वारा 50 स्कूल की छात्राओं को गरम जर्सी तथा मफलर उपलब्ध कराए गए थे ।

# श्रृग जयंती महोत्सव के अश्रृंगवसर पर महर्षि श्रृंग ऋषि की भव्य शोभायात्रा निकाली

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी** । गुरुवार को श्रृंग जयंती महोत्सव पर महर्षि श्रृंग ऋषि की शोभायात्रा निकाली गई गाजे बाजे व भजनों की स्वर लहरियो के बीच समाज बंधु ने नाचते गाते चल रहे थे जग में सुंदर है दो नाम चाहै कृष्ण कहो या राम बोलो राम राम बोलो राम राम, राधा रमण हरि गोविंद बोलो गोविंद बोलो हरि गोपाल बोलो, राम रमैया गए जा, मेरे रूठे हुए श्याम को मनाऊं कैसे आदि भजनों से माहौल भक्ति में हो गया महिला पुरुष ने भगवान के भजनों पर डांडिया भी खेला विमान में महर्षि श्रृंग का चित्र रखकर अचार्य अरुण श्रृंगी के द्वारा विधि विधान से पूजन करवा कर शोभायात्रा को रवाना किया समाज बंधुओ ने सफेद वस्त्र में तो महिलाएं केसरिया परिधान में सजी धजी शोभायात्रा यात्रा में शामिल हुई शोभा यात्रा श्रृंग भवन गणेश गली से रवाना



हुई जो बूंदी श्रृंग समाज की ओर से सदर बाजार,चूड़ी बाजार, कागदी देवरा,उपरला बाजार, नाहर का चोहटटा,चारभुजा मंदिर होती हुई वापस श्रृंग भवन पहुची जहां श्रृंग ऋषि जी की महाआरती हुई उसके बाद प्रसादी का आयोजन हुआ शोभायात्रा में महिलाओं ने एक ही कलर की साड़िया पहन रखी तो पुरुषो ने सफेद वस्त्र धारण कर रखे थे। इससे पूर्व सवेरे कलश यात्रा निकाली जो मंशापूर्ण गणेशमंदिर बालचंद पड़ा परिसर से शुरु हो कर सुरज जी का बड़ नाहर का चौहट्टा चारबुजा मन्दिर होते होते हुए श्रृंग भवन गणेश गली जाकर समाप्त हुई जहां पर भगवान की पूजा के बाद हवन का कार्यक्रम आयोजित हुआ इस अवसर पर महिलाएं सर पर कलश लेकर चल रही थी और बैंड धार्मिक भजनों की स्वर लहरियां बिखेर रहा था जयन्ती मिडिया प्रभारी नवल किशोर श्रृंगी ने बताया की कलश यात्रा से पहले बोलियो की शुरुवात हुई जिसमे बड़े कलश की बोली रूपचंद श्रृंगी रडी सवेरे अश्वरोही की बोली हरी ओम जोशी संधारा की और से हवन की बोली रमाकांत अठारिया श्रृंग ऋषि पूजन की बोली हरी किशन श्रृंगी चवर की बोली रामचरण श्रृंगी जावटी शाम के अश्वरोही की बोली हरी ओम श्रृंगी बराना माला प्राप्ति की बोली पुरुषोत्तम नौसरिया महाआरती की बोली मंजूलता श्रृंगी द्वारा लगाई गई कार्यक्रम में श्रृंग पंचायत अध्यक्ष रमाकांत श्रृंगी जयंती संजोयक रूपचंद श्रृंगी ,नवल किशोर श्रृंगी, मुकेश श्रृंगी, चंद्र प्रकाश जोशी, चंद्र प्रकाश अठारिया, पवन श्रृंगी, सदानंद श्रृंगी, अरुण श्रृंगी,सत्यनारायण श्रृंगी, सुरेंद्र श्रृंगी, सूरज प्रकाश श्रृंगी, नारायण श्रृंगी महिला जिला अध्यक्ष साधना श्रृंगी, महिला मंडल अध्यक्ष मंजू लता श्रृंगी, कीर्ति सुखवाल, शशि कला श्रृंगी उर्मिला श्रृंगी, मयूरी ओझा सुनीता श्रृंगी, आदि समाज बंधु मौजूद रहे ।

## पूर्वी राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की चतुर्थ कार्यकारीनी बैठक बूंदी में हुई संपन्न



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी** । पूर्वी राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की चतुर्थ कार्यकारीनि बैठक प्रगति प्रवाह बूंदी में प्रदेश अध्यक्ष मंजू भराडिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई । जिला अध्यक्ष संगीता मूंदड़ा व जिला सचिव शिल्पा सोमानी ने बताया कि इस दौरान त्योहारा रो रंग मीठी मारवाड़ी के संग विषय पर नृत्य नाटिका प्रतियोगिता आयोजित की गई । जिसमें बूंदी जिले ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । मुख्य अतिथि निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष आशा माहेश्वरी रही । विशिष्ट अतिथि किरण लखोटिया, कंचन राठी, नीलम तापड़िया ,संतोष तोषनीवाल, उषा लखोटिया रही । महेश वंदना---शुभांगी सोमानी ने व स्वागत गीत रेणु बहेडिया सपना मंत्री ने प्रस्तुत किया । वाद विवाद प्रतियोगिता हुई । जिसमें नेहा जैथलिया व मेघा बहेड़िया ने विपक्ष में प्रथम स्थान प्राप्त किया व रश्मि लखोटिया व प्रियंका मूंदड़ा ने पक्ष में प्रथम स्थान प्राप्त किया । कार्यक्रम का संचालन रश्मि लखोटिया ने किया। निर्णायक की भूमिका पुष्पा सोमानी, अरुना चतुर्वेदी ,व मंजू जिंदल ने निभाई । प्रदेश उपाध्यक्ष उर्मिला नुवाल , सह सचिव अनीता लाठी ,कोषाध्यक्ष मधु बाहेड़िया ,संगठन मंत्री पुष्पा बिरला, जय श्री लखोटिया ,अनुभा मंडोवरा, भारती मालू ,वंदना जेथेलिया , संतोष दाखेड़ा ,मीनाक्षी काबरा, भगवती समदानी , अनुराधा सोनी ,रेखा झंवर , रेणु बाहेती आदि का विशेष सहयोग रहा । विशेष अतिथि मंजू जेथेलिया ,नीलम जेथेलिया, गीता मंत्री ,ललिता नुवाल ,आकांक्षा लाठी , रेखा न्याति ,अनीता बिलिया ,संगीता सोमानी ,मधु हल्दिया ,रेनू बहेड़िया, सीमा थेबढ़िया ,सपना मंत्री ,लक्ष्मी तोतला , कविता झवर रहे । बेस्ट आउट ऑफ द वेस्ट प्रतियोगिता भी हुई । जिसमें प्रथम उर्मिला नुवाल व द्वितीय अंजू तोषनीवाल रही । विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया ।सचिव शिल्पा सोमानी ने धन्यवाद दिया । राष्ट्गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ ।

## जिला कलक्टर ने सुवांसा में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं, मौके पर ही किया समाधान



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी** । जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने बुधवार को सुवांसा ग्राम पंचायत में आयोजित रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनका मौके पर ही समाधान किया। इस दौरान ग्रामीणों ने विभिन्न मुद्दों को लेकर अपनी शिकायतें दर्ज कराई । रात्रि चौपाल में मुख्य रूप से जेजेएम (जल जीवन मिशन) के तहत क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत, सीएडी (कमांड क्षेत्र विकास) नहरों से अतिक्रमण हटाने, नए बिजली कनेक्शन जारी करने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, एनएफएसए (राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम) के तहत सत्यापन करवाने, श्मशान भूमि पर चारदीवारी, टीन शेड और चबूतरा बनवाने सहित अन्य प्रकरण प्राप्त हुए । जिला कलक्टर ने प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। रात्रि चौपाल में कुल 20 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से कई का मौके पर ही समाधान किया गया । इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तोमर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा, उपखंड अधिकारी एच.डी. सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान में सहयोग किया ।

## वरिष्ठ फोटोग्राफर साथियों का सम्मान समारोह आयोजित किया



### मॉडल शूट भी किया गया

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी** । फोटोग्राफर वेलफेयर एसोसिएशन राजस्थान के संगठन अध्यक्ष प्रदीप तिवारी के द्वारा संभव के नैनवा तहसील में स्थानीय अध्यक्ष अब्दुल वाशिद और उनकी टीम के प्रयास से टाइगर रिसोर्ट संभाग के वरिष्ठ फोटोग्राफर साथियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया नई तकनीकी की जानकारी के लिए दिल्ली और जयपुर से विशेषज्ञ बुलाए गए उन्होंने संभाग के युवा फोटोग्राफर साथियों को नई तकनीकी की जानकारी बूंदी जिला कार्यकारिणी का स्थानीय टीम के द्वारा सम्मान किया गया औरउन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए गए जिले के फोटोग्राफर साथियों के साथ-साथ मध्य प्रदेश बिहार उत्तर प्रदेश राजस्थान की वरिष्ठ फोटोग्राफर साथी इस प्रोग्राम में शामिल हुए और उन्होंने आयोजन की बहुत तारीफ की जानकारी के लिए संभाग के फोटोग्राफर साथियों को महानगर जाना होता था जिसके लिए संस्था ने प्रयास करके स्थानीय स्तर पर ही वह सभी कुछ व्यवस्था उपलब्ध करा दी कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एसडीएम प्रीति मीणा रही और विशिष्ट अतिथि पूर्व पालिका वाइस चेयरमैन आबिद अली रहे आए हुए सभी साथियों का संगठन अध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने आभार प्रकट किया देवली से प्रोग्राम में आए हुए वरिष्ठ फोटोग्राफर और युवा साथियों ने देवली में इस तरह का आयोजन करने का संगठन अध्यक्ष प्रदीप जी से आग्रह किया अध्यक्ष साहब ने उन्हें पूरा विश्वास दिलाया है कि बहुत जल्दी देवली में इस तरह का आयोजन किया जाएगा। हाडा कलर लेब मान सिंह हाडा, विजय पुरोहित की ओर से एलबम की स्टॉल लगाई गई जिसमें सभी ने सराहना की। फोटोग्राफर धर्मराज गुर्जर की बेहतर कार्य सराहना की ।

## प्राचीन स्वर्ग आश्रम व्यायाम शाला भाव भट्ट अखाड़े पर गुरु पूजन करके गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी** । प्राचीन व ऐतिहासिक अखाड़े स्वर्ग आश्रम व्यायाम शाला भाव भट्ट अखाड़े पर अखाड़े के संरक्षक बसंत शर्मा पहलवान व राम नारायण राठौर पहलवान का उनके शिष्यों ने माल्यार्पण,दुपट्टा,श्रीफल व दक्षिण देकर गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया।स्वर्ग आश्रम व्यायाम शाला भाव भट्ट अखाड़ा समिति अध्यक्ष महेश गौतम ने सर्वप्रथम विधिपूर्वक दोनों गुरुओं को रोली, मौली, माला, प्रसाद,दुपट्टा,श्रीफल व दक्षिण प्रदान करके पूजन किया और चरण स्पर्श करके आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात अखाड़े के पहलवान गिर्राज खंगार,गोवर्धन यादव, अजय त्यागी ,तरुण राठौर,अशोक जैन पीए, महावीर बिरला, सुनील जोशी ,भगवान जांगिड़, सुनील सोनी, हनुमान बिरला ,शैलेश मूंदड़ा ,सुनील बंटी ,अनुराग शर्मा संदीप व्यास, शिवराज राठौर, मूलचंद महावर,महेश गौड़, दीपक यादव ,सत्यनारायण चित्तौड़ा तथा जिम में आने वाले युवा पहलवानों ने आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात युवा पहलवानों ने अध्यक्ष महेश गौतम का भी माल्यार्पण करके गुरू पूजन किया व आशीर्वाद लिया।प्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। अखाड़े के सदस्य अंचल राठौर ने प्रेस को यह जानकारी दी ।

# भाजपाइयों ने गुरु पूजन कर लिया संतो का आशीर्वाद

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बारां** । भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिले के सभी बीस मंडलों पर भाजपा नेताओ ने गुरुजनों व साधु संतों का पूजन कर आशीर्वाद लिया वही बारां शहर मे भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ ने जिलाध्यक्ष नरेश सिंह सिकरवार बारां विधायक राधेश्याम बैरवा, वरिष्ठ नेता यशभानु जैन व रामस्वरूप यादव पूर्व जिलाध्यक्ष जगदीश मीणा व नंदलाल सुमन शहर अध्यक्ष ओ पी पारेता कार्यक्रम संयोजक महावीर नामा सह संयोजक मुकेश केरवालिया आदि नेताओ की



अगुवाई मे गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर गुरु पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम के तहत साधु-संतो एवं गुरुजनों का सम्मान किया ।

भाजपा जिला प्रवक्ता सचिन सनाढ्य व सह प्रवक्ता योगेश राजोरा ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया की शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थित आश्रमो पर पंहुच कर गुरु पूजन कर साधु संतो का सम्मान किया इसी क्रम मे काठया बाबा आश्रम पर संत श्री आचार्य परमानंद ,परमहंस की बगीची पर महामंडलेश्वर श्री रामनरेश महाराज,श्रीजी मंदिर पहुंचकर कल्याणराय जी महाराज के दर्शन कर गुरुजी दुर्गाशंकर एवं बावड़ी वाले बाबा आश्रम सहित अन्य आश्रमो पर पहुंचकर आश्रम के प्रमुख संतो को दुपट्टा पहनाकर श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लिया इस अवसर पर बारां पंचायत समिति प्रधान मोरपाल सुमन,ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र नागर,भाजपा नेता रामस्वरूप खींची,रामलाल मेहता लोकेश शर्मा कार्यक्रम सह संयोजक सिद्धार्थ शर्मा भानु प्रताप सिंह रहलाई,रामेंद्र सिंह हाड़ाँ,विजेंद्र नागर सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे ।

## शहर के चौगान जैन मंदिर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी** । शहर के चौगान जैन मंदिर में गणनी आर्यिका 105 सत्यममति माताजी एवं हेमश्री माताजी के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुवात दीप के साथ हुई। इसके बाद महिला पुरुषों ने गुरु मां तू कितनी अच्छी है कितनी भोली है प्यारी है और मां...पंखिड़ा हो पंखिड़ा पावा गढ़ में...जब से गुरु दर्श मिला मन ये मेरा खिला-खिला...सरीखे भजनों पर नृत्य करते हुए अर्घ्य ओर शास्त भेंट किया गया। बाल ब्रह्मचारणीनी प्रीति दीदी के संगीतमय भजनों पर सभी झूम उठे। चतुर्मास महोत्सव समिति के संयोजक दीपक गंगवाल व उप संयोजक छुट्टन बाकलीवाल ने बताया कि इस मौके पर आर्यिका माता जी के पाद प्रक्षालन निर्मल कुमार सुरेन्द्र कुमार सोनी परिवार,शास्त्र भेंट नरेश कुमार रमेश कुमार गंगवाल परिवार,आर्यिका सत्यमति माता जी को वस्त्र भेंट निर्मल कुमार सुरेन्द्र कुमार सोनी परिवार,चंद्रप्रकाश एवं ललित कुमार सोनी एवं हेमश्री माता जी को कियान बाकलीवाल विनोद बड़ा बोहरा परिवार को मिला। आर्यिका माता जी ने अपने प्रवचन में गुरु की महिमा के बारे में बताया और कहा कि जीवन में गुरु से बढ़ कर कोई नहीं है। संचालन समाज अध्यक्ष सन्तोष पाटनी ने किया। आभार मंत्री योगेंद्र कासलीवाल ने जताया। मंगलाचरण बिना नौसंदा ने किया। स्वागत गीत महिला मंडल अध्यक्ष चंद्रेश छाबड़ा व मंत्री कनक पाटनी ने किया ।

## भारत विकास परिषद बारां ने परिषद का 63 वें स्थापना दिवस पर की गौसेवा और भोजन वितरण




हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बारां** । भारत विकास परिषद, बारां शाखा द्वारा गुरुवार को परिषद के 63वें स्थापना दिवस के अवसर पर सेवा और संस्कार से ओत-प्रोत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । दिन की शुरुआत स्थानीय कोटा रोड गोशाला में गौसेवा से की गई, जहाँ परिषद के सदस्यों ने गऊ माता की सेवा कर स्थापना दिवस को सेवा भावना के साथ मनाया। परिषद के सदस्यों ने गोशाला में चारा वितरण किया और स्वच्छता कार्यों में भी सहभागिता की । शाम को परिषद द्वारा जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम शाम को बस स्टैंड स्थित मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों को भोजन कराया गया। परिषद के सदस्यों और युवा कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ सेवा कार्य में भाग लिया । परिषद के अध्यक्ष नरेश खंडेलवाल ने बताया कि भारत विकास परिषद न केवल राष्ट निर्माण और सांस्कृतिक जागरण के लिए कार्य करती है, बल्कि सेवा कार्यों में भी सदैव अग्रणी भूमिका निभाती रही है। स्थापना दिवस जैसे पावन अवसर पर परिषद द्वारा गोसेवा और अन्न सेवा जैसे कार्यों का आयोजन इसी परंपरा को दर्शाता है ।

कार्यक्रम में सुलेखा माहेष्वरी, हितेश खंडेलवाल,अम्बिका शर्मा,मुकेश गुप्ता,पराग टोंग्या, राम बंसल,राजेन्द्र डंग,जयप्रकाश विजय, राजेश मित्तल,अशोक गोयल, कमलेश जैन ,रमाकांत गुप्ता ,राजेन्द्र विजय, दिनेश गर्ग, राकेश बंसल,गिरिराज माहेष्वरी,डॉ वीरेंद्र माथोडीया,आदि सदस्य उपस्थित थे ।

## पर्यावरण संरक्षण की आदतों को जीवन में आत्मसात करें युवाः तिवारी

### रंगों से मनोभावों को कागज पर उकेरा, निबंध में लिखा वृक्षारोपण का महत्व

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी** । मेरा युवा भारत केन्द्र, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में %एक पेड़ माँ के नाम%- वृक्षारोपण महाभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के तहत संगोष्ठी व ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति स्वमनोभावों को कागज़ पर परिलक्षित किया, साथ ही संवाद कर वृक्षारोपण के महत्व की नवयुवाओं को जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि असिस्टेंट प्रोफेसर व युवा विकास कार्यक्रम से जुड़े डॉ. सर्वेश तिवारी रहे। अध्यक्षता प्रकृतिप्रेमी व युवा प्रेरक गोविंद प्रजापत ने की। विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद् गुरमीत सिंह, रामेष्ट युवा मंडल अध्यक्ष शिखर पंचोली रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि असिस्टेंट प्रोफेसर तिवारी ने वृक्षारोपण का महत्व बताते हुए कहा कि पेड़-पौधे पर्यावरण को संतुलित रखने, जलवायु परिवर्तन को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की आदतों को जीवन में आत्मसात करने की अपील की । अध्यक्षता कर रहे प्रजापत ने पर्यावरण-प्रदूषण से होने वाले हानियों पर चिंता जताते हुए भविष्य में दृष्टिगत दुष्प्रभावों के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि रामेष्ट युवा मंडल अध्यक्ष पंचोली ने युवाओं को अधिक वृक्षारोपण करने एवं पेड़-पौधों की सार-संभाल का संकल्प दिलाया। संचालन युवा प्रतिनिधि रोहन गुर्जर ने किया। केन्द्र के बालूलाल वैष्णव, जयसिंह, हिम्मत कुमार आदि मौजूद रहे।कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों व युवाओं ने पौधारोपण किया व फलदार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया ।



मेरा युवा भारत केन्द्र द्वारा ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएं आयोजित, विजेता हुए पुरस्कृत । केन्द्र से जुड़े भूपेन्द्र योगी ने बताया कि आयोजन के तहत ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएं निबंध-चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें युवाओं ने उत्साह से भाग लेकर स्वमनोभावों को कागज पर उकेरा।

निबंध प्रतियोगिता में वंशप्रताप सिंह प्रथम, अनुराग मीणा द्वितीय, अक्षय मीणा तृतीय स्थान पर रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में टीना पंकज प्रथम, लक्षित जैन द्वितीय, प्रहलाद प्रजापत तृतीय रहे। विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा स्मृति चिह्न देकर पुरस्कृत किया गया ।

## गुरू पूर्णिमा : संत व महंतों को मुख्यमंत्री की ओर से जिला कलक्टर ने किया सम्मानित

# गुरु ही वह ज्योति हैं जो अज्ञान के अंधकार को मिटाकर जीवन को नई दिशा देते - भजनलाल शर्मा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जिले में गुरु पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ धूमधाम से मनाया गया। यह पर्व भारतीय संस्कृति में गुरु के महत्व को दर्शाता है और इसी भावना के तहत जिले में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस पावन अवसर पर एक विशेष समारोह में आठ गुरुओं को सम्मानित किया। यह सम्मान उनके शिक्षा, समाज सेवा



» संत नगर में संतो को शॉल उढ़ाकर सम्मानित करते जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी, राजवीर सिंह राजावत, वंदना शिवहरे



» धौलपुर.. महन्त अवधूत संत पागल बाबा को सम्मनित करतीं भाजपा नेत्री नीरजा शर्मा



» धौलपुर.. गुरूपूर्णिम के अवसर पर महंत कृष्णदास को सम्मानित करते डॉ. शिवचरण सिंह कुशवाह एवं अन्य



» गुरूपूर्णिम के अवसर पर संत हनुमानदास से आर्शीवाद लेते भक्तगण

और मार्गदर्शन के क्षेत्र में दिए गए अद्वितीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु ही वह ज्योति हैं जो अज्ञान के अंधकार को मिटाकर जीवन को नई दिशा देते हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस अवसर पर सभी गुरुओं को शुभकामनाएं दीं और एक आधिकारिक पत्र के माध्यम से प्रदेशवासियों को गुरु पूर्णिमा की बधाई भी प्रेषित की। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में गुरु को भगवान से भी ऊपर स्थान दिया गया है और हमें अपने गुरुओं का सदा आदर करना चाहिए।



» गुरूपूर्णिम के अवसर पर पंड़ित श्याम सुंदर का सम्मान करते भक्तजन

इस अवसर पर जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि खेरे वाली माता आश्रम मन्दिर जटपुरा बसेड़ी के महन्त महेश्वरदास, हनुमान मन्दिर इमली का बाग नगला दरवेशा बसेड़ी के महन्त रामानुज, आनन्दपुर ट्रस्ट संत नगर बाड़ी के महन्त संत रामदास, श्रीधाम बीलोनी वाली माता मन्दिर बीलोनी बाड़ी के महन्त राजेश चैतन्य, लाठवाली माता मन्दिर गढ़ी विन्तीपुरा के महन्त, सुखदेवानंद, ताल वाले हनुमान मन्दिर लालपुर राजाखेड़ा के महन्त अवधूत संत पागल बाबा, लाडली जगमोहनजी मन्दिर धौलपुर के महन्त कृष्णदास तथा श्रीरामचन्द्रजी हनुमानजी मन्दिर गंगाबाई की बगीची धौलपुर के संत हनुमानदास को नगद भेट स्वरूप 2100 रूपये, श्रीफल, शॉल, मिठाई एवं मुख्यमंत्री की तरफ से गुरू वंदन संदेश भेंट कर सम्मानित किया गया।

भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा ने कहा कि पहली बार किसी मुख्यमंत्री ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरुओं का आदर सम्मान करने की सोच रखी जो उन्होंने साकार की है हमारे संत महात्माओं का सम्मान ही सनातन धर्म की परंपरा रही है जिसे मुख्यमंत्री भली भांति आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत, वंदना शिवहरे हरिनिवास प्रधान, केदार पोसवाल, जयवीर पोसवाल, हरिनिवास प्रधान, मचकुंड महंत कृष्ण दास, मनियां मंडल अध्यक्ष रामअवतार त्यागी, मांगरोल मंडल अध्यक्ष मोहन लोधी, लटूर त्यागी, रामू सिकरवार, राजकुमार सिकरवार, रामभरोसी जाटव, रिंकू दिवाकर, विशम्बर सिकरवार, प्रदीप सिकरवार आदि मौजूद रहे।

# एडीजे रेखा यादव ने किया जिला कारागृह एवं जेल लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

धौलपुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसरण में एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) धौलपुर अरुण कुमार अग्रवाल के निर्देशन में 10 जुलाई को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर रेखा यादव द्वारा जिला कारागृह धौलपुर का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम जेल में निरुद्ध बंदियों से मुलाकात कर उनके मुकदमों की पैरवी हेतु अधिवक्ता की उपलब्धता के बारे में पूछताछ की गई एवं उनकी समस्याओं को सुना गया। निरीक्षण के दौरान बंदियों द्वारा उनकों प्रदान सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गई एवं निशुल्क विधिक सहायता के बारे में भी जानकारी ली तभी बंदियों ने पानी एवं बिजली की समस्याओं के बारे में अवगत कराया सचिव रेखा यादव द्वारा निर्देशित किया गया कि बिजली और पानी की समस्या को तुरंत दुरुस्त किया जाए। सचिव द्वारा उपस्थित बंदियों कां किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जेल विजिटिंग लॉयर वं अधिकार मित्र को अपनी समस्या के बारे में सूचित करने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। निरीक्षण के दौरान आज के भोजन की जानकारी ली तथा उनको पौष्टिक भोजन बनाने के निर्देश दिए उन्होंने जिला कारागृह में स्थापित प्रिजिन लीगल एड क्लिनिक के संबंध में नालसा द्वारा जारी एस.ओ.पी. में वर्णित दिशा-दिशा निर्देशों की पालना सुनिश्चित किये जाने एवं केस टेबिल संधारित किये जाने के निर्देश दिये तथा जेल में निरुद्ध बंदियों को प्रदान निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में की गई कार्यवाही के संबंध में पूछताछ की गई एवं नालसा टोल-फ्री नं. 15100 की जानकारी दी गई एवं निर्धन बंदियों के लिए आर्थिक सहायता बाबत अभियान, अपराध के समय से नाबालिग बंदियो को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये तथा निःशुल्क विधिक सहायता के प्राप्त प्रार्थना पत्रों के संबंध में जानकारी ली साथ ही जेल में सचिव रेखा यादव ने लीगल एड क्लिनिक में स्थित बंदियों के रजिस्टरों का अवलोकन किया तथा जेल में स्थित कैंटिन की सुविधा का अवलोकन किया एवं बंदियों की न्यायालयों से होने वाली वीडियो कॉफ्रेंसग की सुविधा का जायजा लिया तथा जेल में स्थित चिकित्सालय का निरीक्षण किया तथा बंदियों को कारागृह मे मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं जैसे भोजन, आवास, नाश्ता, स्वच्छ पेयजल, चिकित्सीय सुविधाओं व रसोईघर, बैरक इत्यादि का जायजा लिया तथा उन्होंने कारागृह के निरूद्ध नये बंदियों सहित एक-एक बंदीगण से वार्ता कर उनके प्रकरणों में पैरवी हेतु अधिवक्ता के संबंध में जानकारी ली।



» धौलपुर.. निरीक्षण करतीं रेखा यादव

उन्होंने जेल में स्थित रसोई घर में पहुंचकर भोजन की गुणवत्ता का अवलोकन किया

साथ ही खाना बनाने वाली नई मषीनों के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक निर्देश दिये। इस मौके पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) रेखा यादव के अलावा, चीफ लीगल एड डिफेंस कॉउन्सिल अमित कम्ठान, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल पप्पू सिंह गुर्जर असिस्टेंट एलएडीसी दीपक सिंह सिकरवार, जेल क्लीनिक पर कार्यरत पीएलवी इन्द्रेश शर्मा, प्राधिकरण के स्एनो राहुल डंडौतिया एवं जेल अधीक्षक सुमन मीणा सहित कारागृह का स्टॉफ एवं बंदीजन मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में 2 महिलाओं सहित 4 घायल

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** भरतपुर बायपास पर गुरुवार सुबह सड़क किनारे खड़े टेंपो में पीछे से तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद टेंपो असंतुलित होकर सड़क से नीचे पलट गया। हादसे में टेंपो सवार दो लोग और बाइक पर सवार दंपति घायल हो गए।



» धौलपुर.. घायलों को अस्पताल में भर्ती के लिए ले जाते लोग

घायलों में मेहरा का पुरा निवासी निरोती पुत्री बाबूलाल कुशवाहा, कटुमारी निवासी रामा पत्नी सुरेश, बढ़िया का नगला निवासी आशरफी पत्नी राजाराम और सुरेश पुत्र राम सिंह शामिल हैं।

108 एंबुलेंस के ड्राइवर सनोद कुमार और ईएमटी मुकेश कुमार ने सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल के सूत्रों के अनुसार सभी घायलों की स्थिति अब स्थिर है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती पंजीकरण 11 जुलाई से शुरु

**धौलपुर।** भारतीय वायुसेना में अग्निपथ स्कीम के अन्तर्गत अग्निवीरवायु भर्ती 02/2026 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 11 जुलाई से शुरू हो रहे है। इच्छुक अविवाहित पुरूष एवं महिला उम्मीदवार भर्ती से सम्बन्धित सभी नियमों की विस्तृत जानकारी भारतीय वायुसेना की आधिकारिक वेबसाईट से प्राप्त कर सकते है। उम्मीदवार अग्निवीर की भर्ती के लिए 11 जुलाई से 31 जुलाई तक पर लॉगइन कर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते है। 2 जुलाई 2005 से 2 जनवरी 2009 दोनों तिथियों सहित के बीच जन्मे अविवाहित पुरुष एवं महिला उम्मीदवार इस भर्ती के लिए पात्र होगें। 12 वीं कक्षा या इसके समकक्ष परीक्षा विज्ञान संकाय में गणित और भौतिक विषय के साथ एवं कला तथा वाणिज्य संकाय में किसी भी विषय के साथ 50 फीसदी अंको के साथ अंग्रेजी विषय में भी 50 फीसदी अंक होना अनिवार्य है या 3 वर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा धारक या 2 वर्षीय वोकेशनल कोर्स पास उम्मीदवार आवेदन के लिए पात्र है।

## बारिश के मौसम के दृष्टिगत जिला प्रशासन ने आमजन को दी सुरक्षा एडवाइजरी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए जिला कलक्टर श्रीनिधी बी टी ने आमजन को सुरक्षात्मक दृष्टि से एडवाइजरी दी है। उन्होंने आमजन से नदी, नालों तथा पुलिया से दूर रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में ओवरफ्लो रपट को पार न करें तथा आपदा की स्थिति में जिला प्रशासन द्वारा जारी नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नम्बर 05642-220033 पर तुरंत सूचित करें ताकि समय पर राहत पहुंचाई जा सके। बारिश के मौसम में आकाशीय गर्जन और बिजली गिरने की घटना होना जानलेवा साबित हो सकता है। बारिश के दिनों में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मेघगर्जन के समय यदि घर के बाहर हैं, तो जल्द से जल्द घर अथवा कहीं आश्रय स्थल पर रूक जाएं। टीन अथवा धातु की बनी छतों वाले स्थान से दूर रहें। किसी भी पेड़ के नीचे ना खड़े हों। किसी भीड़भाड़ वाले स्थान से दूरी बनाएं। तरणताल, नदी नालों में बारिश के मौसम में अचानक पानी आने की सम्भावना रहती है उनसे दूरी बनाए। उन्होंने आमजन को क्षतिग्रस्त एवं जर्जर भवनों और इमारतों में शरण नहीं लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बच्चों, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों का विशेष ख्याल रखें। क्षतिग्रस्त, गिरे हुए बिजली के खंबे, पानी में डूबे हुए बिजली के तारों से दूर रहे तुरंत विद्युत विभाग या पुलिस को सूचना दे।

# डकैतों को शरण देने के आरोपी को 10 वर्ष का कारावास, 10 हजार रुपये के अर्थदंड से किया दंडित




हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** डकैतों को शरण, खाना खिलाने, सहयोग व संरक्षण देने के मामले में कोर्ट ने एक आरोपी को 10 वर्ष के कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामला 9 दिसंबर 2017 का है, जहां धौलपुर जिले के सरमथुरा थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था।

विशिष्ट न्यायालय डकैती प्रभावित क्षेत्र धौलपुर के विशिष्ट लोक अभियोजक मुकेश सिकरवार ने बताया कि सरमथुरा थाना क्षेत्र के गोलारी के जंगल में डकैत पप्पू गुर्जर व उसकी गैंग को आरोपी ने शरण दी थी, उन्हें खाना खिलाया था और पुलिस के पहुंचने पर भगाने में उनका सहयोग किया था। मामले में पुलिस ने जांच अनुसंधान किया और कोर्ट में चालान पेश किया।उसी प्रकरण में विशिष्ट न्यायालय डकैती प्रभावित क्षेत्र धौलपुर के विशिष्ट न्यायाधीश राकेश गोयल ने 9 जुलाई 2025 को फैसला सुनाते हुए दोषी सिद्ध होने पर आरोपी देशराज पुत्र हरी सिंह निवासी पासी का पुरा सोने का गुर्जा थाना बाड़ी को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उसे 10 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है।

# नहाते समय पार्वती नदी में डूबे 4 युवक 3 को बचाया, एक की तलाश जारी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** धौलपुर के सैंपऊ स्थित पार्वती नदी में नहाने गए चार युवकों में से एक लापता हो गया। नदी किनारे मौजूद एक युवक ने तीन को बचा लिया। जानकारी के अनुसार घटना में नदीम (17), हारून (20), रमजानी (17) और समीर (18) नदी में नहाने गए थे। बरसात के कारण नदी में पानी की आवक अधिक थी। चारों एक साथ नदी में कूद गए और गहरे पानी में डूबने लगे। नदी किनारे खड़े भोलू ने युवकों को डूबता देख तुरंत पानी में छलांग लगाई। उसने हारून, रमजानी और समीर को बचा लिया, लेकिन नदीम गहरे पानी में डूब गया।



» धौलपुर.. डूबे युवक की तलाश करती रेसक्यू टीम

घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया है। जिला मुख्यालय से एसडीआरएफ की टीम को भी बुलाया गया है। जिन्होंने देर शाम तक डूबे हुए युवक की तलाश मगर बारिश व अंधेरे के वजह से युवक की तलाश हो सकी व कार्रवाई को बंद कर दिया गया यह कार्रवाई आज शुक्रवार फिर से नदी में डूबे हुए युवक की तलाश में शुरू की जायेगी।

# बाड़ी : मूसलाधार बारिश से एक घंटे में गिरा तीन इंच पानी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** पिछले दो दिन से शहर और आसपास के क्षेत्र में उमस भरी गर्मी बनी हुई थी हालांकि बादलों की आवाज और बूंदाबांदी का दौर चल रहा था लेकिन उमस खत्म नहीं हो रही थी। ऐसे में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु पूजा के बाद करीब दो बजे से मौसम का मिजाज बदला और आसमान में काले बादल छा गए। करीब तीन बजे से तेज बारिश होने लगी। एक घंटे चली इस मूसलाधार बारिश से शहर में जलभराव हो गया। शहर के सर्राफा बाजार और कपड़ा मार्केट में पानी इतनी तेजी से पहुंचा की दुकानों के अंदर तक चला गया। इससे दुकानदारों को वाइपर और अन्य साधनो से पानी निकलना पड़ा। वही कहार गली में तो कमर तक पानी हो गया। ऐसे में दुकानदारों को अपनी दुकान बंद करने पर मजबूर होना पड़ा।

करीब एक घंटे मुसलदार बारिश के बाद रिमझिम बारिश का दौर लगातार कई घंटे जारी रहा। इससे लोगो ने उमस भरी गर्मी से राहत महसूस की वही शहर के कोर्ट परिसर में तेज बारिश के चलते दीवारों से मिट्टी और पानी निकलने लगा। वकीलों को अपने बस्तों पर पानी आने से खाली कर सुरक्षित स्थान पर शरण लेनी पड़ी। ऐसे में बारिश के दौरान कोर्ट का कामकाज भी प्रभावित हुआ।



» धौलपुर.. भरी बारिश से शहर के बाजार में भरा पानी

कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता भगवती शर्मा ने बताया कि करीब 200 वर्ष पुरानी रियासतकालीन जर्जर इमारत में कोर्ट संचालित है। जिसको पीडब्ल्यूडी कंडम घोषित कर चुका है। बार संघ ने इसको लेकर न्यायिक अधिकारियों के साथ एसडीएम,कलेक्टर को ज्ञापन दिया है और सीएम तक को पत्र लिखा है लेकिन कोई सुनवाई नहीं है। अभी पूरे सावन के साथ बारिश के 3 महीने शेष हैं कोई भी दुर्घटना हो सकती है। वहीं धौलपुर रोड स्थित शहर के गवर्मेंट पीजी कॉलेज के चारो तरफ पानी भराव हो गया है ऐसे में कॉलेज को जाने वाला पिछले रास्ता तो पानी से पूरा डूब गया है वही अन्य रास्तों पर भी पानी भर रहा है ऐसे में कॉलेज का कामकाज प्रभावित हो रहा है।

### बाड़ी में बरसा 89 एमएम करीब सवा तीन इंच पानी –

उपखंड के तहसील कार्यालय में बाढ़ राहत शिविर में लगे वर्षा मापक यंत्र में गुरुवार को सुबह 08 बजे से शाम चार बजे तक 89 एमएम बारिश दर्ज की गई है। वरिष्ठ गिरदावर विजेंद्र गोयल ने बताया कि गुरुवार को सुबह से लेकर शाम चार बजे तक 89 एमएम बारिश दर्ज हुई है जो 3 इंची से अधिक है।

# जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने अटल जन सेवा शिविर में जनसुनवाई की

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने गुरुवार को सैपऊ के उपखंड कार्यालय के सभागार में आयोजित अटल जन सेवा शिविर में जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान सार्वजनिक हित के कई परिवाद प्राप्त हुए जिन पर जिला कलक्टर ने सभी संबंधित विभागों को समुचित कार्यवाही कर समाधान हेतु निर्देश दिये।

जनसुनवाई के दौरान आमजन ने अपने मुद्दे और समस्याएं जिला प्रशासन के समक्ष रखीं। इसमें प्रमुख रूप से रजौरा कला गांव में जलभराव की गंभीर समस्या और रजौरा खुर्द में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की शिकायतें सामने आईं। जिला कलेक्टर ने इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त कई लंबित प्रकरणों को लेकर भी आमजन ने अपनी व्यथा रखी। कलेक्टर ने इन संवेदनशील विषयों पर अधिकारियों को निर्देशित किया कि एक निर्धारित समय-सीमा में समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए और लाभार्थियों को वास्तविक राहत आ लाभ मिले।जिला कलक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी शिविर में प्राप्त होने वाले परिवादों का हर संभव समाधान का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि परिवादियों को सही जानकारी देकर सहानुभूति पूर्वक परिवादों का निस्तारण किया जाये। संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का भी प्राथमिकता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर पंचायत समिति सैंपऊ के विकास अधिकारी राम बोल सिंह गुर्जर, बसई नवाब तहसीलदार मनोज भारद्वाज, और अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।




» धौलपुर.. जनसुनवाई के दौरान मौजूद जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी

# हत्या के प्रयास के दो फरार आरोपी गिरफ्तार

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**राजाखेड़ा।** राजाखेड़ा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास के मामले में पिछले तीन माह से फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों ने एक युवक पर जानलेवा हमला किया था, जिसके बाद से लगातार पुलिस से बचते फिर रहे थे। थानाधिकारी रामकिशन यादव ने बताया कि भरतपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश, एसपी सुमित मेहरड़ा और सीओ मनियां राजेश शर्मा के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने दोनों आरोपियों को दबोच लिया। दो आरोपियों के कब्जे से लाठियां बरामद हुई हैं।घटना 10 अप्रैल की है,जब दगरा निवासी कप्तान, मंडल, नत्थीलाल, रामशंकर, कोमेश गुर्जर सहित अन्य ने एक युवक के साथ खेत से लौटते समय घात लगाकर हमला कर दिया था। हमलावर लाठी, डंडों और हथियारों से लैस थे। मंडल ने कुल्हाड़ी से युवक के सिर पर वार कर दिया,जिससे उसका सिर फट गया और हाथ में गंभीर चोटें आईं। पीड़ित की ओर से 17 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जांच में सामने आए नामों में से मंडल सिंह पुत्र कप्तान सिंह गुर्जर उम्र 42 वर्ष और रामशंकर उर्फ रमा पुत्र कप्तान सिंह गुर्जर उम्र 38 वर्ष, दोनों निवासी दगरा को अब गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में आगे की जांच जारी है।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक - चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए आकाशदीप प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स, सेक्टर 11 अग्रवाल फार्म, जयपुर (राज.) राजस्थान से मुद्रित एवं जी-1, गंगासागर अपार्टमेंट, बी-192, गंगासागर कॉलोनी, आम्रपाली मेन रोड, वैशाली नगर जयपुर (राज.) से प्रकाशित आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2013/48948
प्रधान सम्पादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे मोबा. 9425126060 । स्थानीय संपादक गौतम गोस्वामी मोबा. 9772455444, प्रबंध संपादक बेनी प्रकाश खोरानिया मोबा. 9549977995 : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेवार। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर न्यायालय होगा।